卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐जय बाबा की 卐卐श्याम बाबा卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंध्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्नि जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 25 ♦अंक 18 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बृहस्पतिवार ♦24 अक्टूबर 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

# हिंदू संगठनों ने निकाली जनाक्रोश रैली

## मस्जिद को हटाने की मांग को लेकर सड़कों पर उतरे लोग, पुलिस के साथ तीखी झड़प

उत्तरकाशी(उद संवाददाता)। मस्जिद हटाने को लेकर हिंदू संगठनों ने गुरूवार को यहां जोरदार रैली निकाली। संगठन की रैली को रोकने के लिए पुलिस ने जगह जगह बैरियर लगाकर रोकने की कोशिश की। नारेबाजी करते हुए जनाक्रोश रैली बैरिकेड के पास पहुंची, जहां आक्रोशित लोगों की पुलिस से तीखी झड़प हुई। बता दें मस्जिद को लेकर यहां पिछले कुछ दिनों से विवाद चल रहा हैं, हिंदू संगठनों के लोग मस्जिद को अवैध बताते हुए इसे हटाने की मांग कर रहे है। बताया जाता मस्जिद पुरानी है। धार्मिक संगठन की ओर से इसे



अवैध बताया जा रहा है। हालांकि जिला प्रशासन इसे सरकारी भूमि पर अवैध रूप से नहीं बने होने को लेकर प्रेस विज्ञप्ति जारी कर चुका है। लेकिन संगठन इसे नहीं मान रहा है। इसी को लेकर आज हिंदू संगठनों ने जनाक्रोश रैली निकालने का ऐलान किया था, जिसे लेकर पुलिस प्रशासन चौकन्ना हो गया। रैली में लोगों को काबू करने के लिए जगह जगह बैरिकेट लगाये गये थे। गुरुवार को जय श्री राम के नारों के साथ धार्मिक संगठनों के लोग सड़कों पर उतर आये। मस्जिद को लेकर निकाली जा रही रैली के चलते बाजार भी बंद रहा। हजारों की संख्या में लोगों ने जनाक्रोश रैली निकालकर मस्जिद को हटाने की मांग की। पुलिस ने रैली को रोकने के लिए तीन जगह पर बैरियर लगाए है। सिंगल तिराहा सहित भटवाड़ी रोड ओर भैरव चौक में बैरियर के साथ भारी पुलिस बल तैनात था। इस दौरान बैरिकेट पार करने को लेकर पुलिस के साथ लोगों की तीखी झड़प हुई। मस्जिद के पास से जाने की अनुमति नहीं मिलने तक प्रदर्शनकारियों ने कहा कि वह धरने पर डटे रहेंगे। यहीं पर लोग धरने पर बैठ गये और भाषणबाजी शुरू हो गई। हालात बेकाबू होते देख एसडीएम भटवाड़ी मुकेश चंद रमोला मौके पर पहुंचे। उन्होंने लोगों को शांत करने का प्रयास किया। जनाक्रोश रैली के चलते चारधाम यात्रा के वाहनों को पहले ही बड़ेथी मनेरा तेखला बाईपास से डायवर्ट किया गया है। समाचार लिखे जाने तक विरोध प्रदर्शन जारी था।

# अपने इलाके में माफियाओं को नहीं पनपने दूंगा: पाण्डे

## विधायक पाण्डे ने नशा माफियाओं को दी खुली चेतावनी, कप्तान पर भी साधा निशाना

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। दिनेशपुर क्षेत्र में पनप रहे अवैध नशे के कारोबार के खिलाफ पूर्व मंत्री एवं गदरपुर के विधायक अरविंद पाण्डे ने मोर्चा खोल दिया है, उन्होंने साफ तौर पर कहा है कि अपने क्षेत्र में माफियाओं को नहीं पनपने दूंगा। चाहे कोई अधिकारी हो या नेता जो भी माफियाओं को संरक्षण देगा उसके खिलाफ डटकर लड़ाई लड़ी जायेगी। मीडिया से बातचीत में विधायक पाण्डे ने दिनेशपुर क्षेत्र में स्मैक का कारोबार कर रहे माफियाओं के खिलाफ खुलकर बोला। उन्होंने एसएसपी के रवैये पर भी नाराजगी व्यक्त की। कहा कि बीते दिनों जाफरपुर में जो गोलीकाण्ड हुआ, उसकी आशंका मैंने पहले ही जता दी थी।



एसएसपी ने उनकी शिकायत का संज्ञान लिया होता तो ये गोलीकाण्ड नहीं होता। विधायक पाण्डे ने बताया कि दिनेशपुर के सामाजिक और जागरूक लोगों ने उन्हें जानकारी दी है कि दिनेशपुर क्षेत्र में कुछ सफेदपोश अपनी राजनैतिक पहुंच और पुलिस अधिकारियों की मिलीभगत से दिनेशपुर के इलाके में बड़े पैमाने पर स्मैक का कारोबार कर रहे हैं, यह जानकारी खुद उनके संज्ञान में भी है। पाण्डे ने कहा कि युवा पीढ़ी को कुछ लोग बर्बाद कर रहे हैं यह बड़ी पीड़ा का विषय है, लेकिन खुशी की बात यह है कि लोग युवा पीढ़ी को बचाने के लिए एकजुट हो गये हैं। पाण्डे ने कहा कि किसी भी कीमत पर दिनेशपुर इलाके में स्मैक नहीं बिकने देंगे। उन्होंने कहा कि कोई कितना भी प्रभावशाली व्यक्ति हो, किसी भी लेवल का अधिकारी हो उसके खिलाफ किसी भी हद तक जाना पड़े तो वह पीछे नहीं हटेंगे। युवाओं को नशे से बचाने के लिए हर लड़ाई लड़ी जायेगी यह उनका कमिटमेंट है। विधायक पाण्डे ने बताया कि कुछ दिन पहले (शेष पृष्ठ सात पर)

# खनन कारोबारी पर गोली चलाने वाला बदमाश मुठभेड़ में दबोचा

## बदमाश के पैर में लगी गोली,तीन साथी फरार

हरिद्वार(उद संवाददाता)। पिछले दिनों खनन कारोबारी पर फायर झोंकने वाले बदमाशों के साथ पुलिस की बुधवार रात मुठभेड़ हो गई। जिसमें एक बदमाश के



पैर में गोली लगने से घायल हो गया उसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया जबकि तीन अन्य आरोपी अंधेरे का फायदा उठाके मौके से फरार हो गए। बता दें 20 अक्टूबर की शाम को रुड़की नगला इमरती के पास अज्ञात बदमाशों (शेष पृष्ठ सात पर)

# स्पा सेंटरों में चला चेकिंग अभियान,दो के काटे चालान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एसएसपी के निर्देश पर एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट प्रभारी जीतो कंबोज के नेतृत्व में टीम ने पंतनगर क्षेत्र में होटलो व मेट्रोपोलिस मॉल



में स्पा सेंटरो में चेकिंग अभियान चलाया। इ सत्यापन व अन्य कागजात चेक किए गए।द्वारा मय हमराही कर्मचारीगण केस दौरान अनियमिततायें पाये जाने पर टीम द्वारा दो स्पा सैन्टरो में 10-10 हजार रूपए के न्यायालय के चालान पुलिस एक्ट में किये गये। जीतो कम्बोज ने बताया कि सिविल लाइन में सनसिटी प्लाजा में कोहिनूर नाम से स्पा सेंटर बिना रजिस्ट्रेशन व अन्य कागजात के चलाया जा रहा था। जिसे बंद करवाया गया। कोहिनूर का रजिस्ट्रेशन व अन्य कागज बनाने पर ही स्पा सेंटर को खोलने के लिए कहा गया।

# प्रीपेड विद्युत मीटर लगाने के खिलाफ पावर हाउस में गरजे कांग्रेसी

रूद्रपुर। शहर में पुराने मीटरों को बदलकर प्रीपेड स्मार्ट विद्युत मीटर लगाये जाने के विरोध में जिला एवं महानगर कांग्रेस ने नवोदय विद्यालय पावर हाउस में जोरदार प्रदर्शन कर धरना दिय। कांग्रेसियों ने स्मार्ट विद्युत मीटर की प्रक्रिया बंद नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा एवं महानगर कांग्रेस अध्यक्ष सीपी शर्मा के नेतृत्व में तमाम कांग्रेसी पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत पावर हाउस में एकत्र हुए और प्रीपेड विद्युत मीटर लगाये जाने का विरोध करते हुए जमकर नारेबाजी और प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन के दौरान जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा ने कहा कि महंगाई से आम आदमी का जीना पहले



ही दुश्वार हो चुका है। कमरतोड़ महंगाई में आम आदमी के लिए दो वक्त की रोटी जुटाना मुश्किल हो रहा है, ऐसे में सरकार लगातार विद्युत की दरें बढ़ाकर जनता की मुश्किलों को और बढ़ा रही है। बिजली की व्यवस्था को अडानी ग्रुप के हाथों सौंपकर जनता को लूटने का काम किया जा रहा है। श्री गावा ने कहा कि सरकार जनता के साथ दोहरी नीति अपनाकर जनता को लूटने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि किसी भी सूरत में शहर में प्रीपेड स्मार्ट मीटर नहीं लगने दिये जायेंगे। महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार में पूंजी पति मित्रों को लाभ पहुंचाने के लिए जनता के हितों पर डाका डाला जा रहा है। पहले बिजली के दाम बढ़ाये गये अब प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाकर जनता का जीना दूभर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर लगने से आम लोगों को आर्थिक एवं मानसिक रूप से परेशानी उठानी पड़ेगी। स्मार्ट विद्युत मीटर लगने से बिजली के बिलों में भारी इजाफा होगा। उन्होंने कहा कि रूद्रपुर में अधिकांश लोग नजूल भूमि पर निवास करते हैं और गरीब परिवारों के हैं। कई परिवार ऐसे हैं जिनके पास स्मार्ट फोन तक नहीं है। ऐसे लोगों पर प्रीपेड मीटर थोपना घोर अन्याय है। महिला

# खाद्य सुरक्षा विभाग ने मिठाई बनाने के कारखाने में मारा छापा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। खाद्य सुरक्षा विभाग टीम ने संजय नगर खेड़ा में मिठाई बनाने के एक कारखाने में औचक दबिश देकर मिठाईयों के सेंम्पल लिए। दीपावली त्योहार के दृष्टिगत सगन जांच अभियान के दौरान हल्द्वानी में बेचे जा रहे मिठाईयों की जांच करने निर्मित मिठाईयां रूद्रपुर से सप्लाई होती पाई गयी। ट्रेस करने पर उक्त फर्म संजय नगर खेड़ा, रूद्रपुर में संचालित होना पाया गया। इसी के चलते उपायुक्त कुमाऊँ मण्डल अनोज थपलियाल के नेत्तृव में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने उक्त प्रतिष्ठान पर छापेमारी कार्रवाई की। इस दौरान संदेहास्पद खाद्य पदार्थों के दृष्टिगत मिल्क केक, कलाकन्द, बर्फी,पतीसा के कुल 4 नमूने जांच हेतु लिये गये। टीम में जिला अभिहित अधिकारी,डा प्रकाश फुलारा, वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी, काशीपुर श्रीमती अपर्णा साह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, रूद्रपुर, आशा आर्या शामिल थे।

# दुराचार में नाकाम होने पर किया परिजनों पर हमला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। घर में अकेली युवती से दुराचार में नाकाम होने पर युवक ने अपने अनेक साथियों के साथ युवती के परिजनों पर जानलेवा हमला कर उन्हें गंभीर रूप एसे घायल कर दिया और धमकी देकर भाग गया। पीड़िता ने पुलिस उप महानिरीक्षक को शिकायती पत्र प्रेषित कर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता का कहना है कि 17 अगस्त को वह घर की रसोई में अकेले खाना बना रही थी। तभी पड़ोस में रहने वाला युवक हाथ में चाकू लेकर आ गया और उससे अश्लील हरकतें करने लगा। जब उसने शोर मचाना चाहा तो युवक ने चाकू दिखाकर धमकाया यदिशोर मचाया तो जान से मार दूंगा। तभी उसके पिता व भाभी घर आ गये। जिन्होंने उसे युवक के चंगुल से छुडाया। युवक मौके से भाग गयार। पीड़िता का आरोप है कि उसी सायं युवक लाठी डंडों से लैस साथ करीब दो दर्जन लोगों को (शेष पृष्ठ सात पर)

# भाजपा नेता के घर से लाखों के जेवर व नगदी चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अज्ञात चोरों ने भाजप नेता की गैर मौजूदगी में उसके घर में घुसकर वहां से लाखों रूपये कीमत के जेवरात तथा हजारों की नगदी और अन्य सामान चोरी कर लिया। मामले की रपट दज करा दी गई है। दर्ज रपट में अनन्त राम पाल पुत्र स्व. लालता प्रसाद निवासी वसुंधरा ग्रीन फुलसुंगी, ट्रांजिट कैम्प ने कहा है कि 4 अक्टूबर को दोपहर वह अपने परिवार के साथ मकान का ताला लगाकर किसी काम के बाहर गये हुए थे। 7 अक्टूबर को सुबह घर वापस पहुंचे तो देखा घर में सारा सामान इधर उधर बिखरा हुआ था। लॉकर से रूपये 35 हजार रूपये नगद, ढाई तोला सोने की चैन, 5 कलाई घड़ी लेडीज, 1 कलाई घड़ी जेंट्स अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ली गयी है। पुलिस ने घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और मामले की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# केदारनाथ सीट पर कुलदीप की दोवेदारी से भाजपा बेचैन

## केदारनाथ उप चुनाव में एक निर्दलीय ने लिया नामांकन पत्र, जल्द हो सकता है भाजपा और कांग्रेस के प्रत्याशियों का ऐलान



देहरादून/रूद्रप्रयाग(उद ब्यूरो)। आगामी 20 नवंबर को होने वाले केदारनाथ विधानसभा उपचुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया के तहत दूसरे दिन एक निर्दलीय प्रत्याशी ने नामांकन प्रपत्र लिया। दो दिनों में तीन नामांकन प्रपत्रों की बिक्री हो चुकी है। राष्ट्रीय दलों ने अभी अपने प्रत्याशियों की घोषणा नहीं की है। इस वर्ष 9 जुलाई को विधायक शैलारानी रावत के निधन के बाद से केदारनाथ विस सीट खाली हो रखी है। 15 अक्तूबर को भारत निर्वाचन आयोग ने उपचुनाव की अधिसूचना जारी की है, जिसके बाद इन दिनों नामांकन प्रक्रिया जारी है। 29 अक्तूबर तक नामांकन प्रक्रिया जारी रहेगी और आगामी 4 नवंबर को नाम वापस लेने के बाद प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी की जाएगी। रिटर्निंग ऑफीसर व उप जिलाधिकारी अनिल कुमार शुक्ला ने बताया कि केदारनाथ विस उप चुनाव के लिए बुधवार को निर्दलीय प्रत्याशी त्रिभुवन चौहान ने नामांकन प्रपत्र खरीदा है। वहीं मंगलवार को डॉ. आशुतोष भंडारी और रमेश नौटियाल ने नामांकन प्रपत्र खरीदा था। दो दिनों में कोई भी नामांकन दाखिल नहीं हुआ है।केदारनाथ सीट से दो बार निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव हार चुके कुलदीप सिंह रावत के तेवरों से भाजपा में बेचौनी है। लोस चुनाव के दौरान भाजपा में शामिल हो चुके कुलदीप उपचुनाव में टिकट न मिलने पर बड़ा कदम उठा सकते हैं। सोशल मीडिया पर चल रहे उनके इंटरव्यू तो यही संकेत दे रहे हैं। हालांकि, वह खुलकर कुछ कहने से बच रहे हैं, लेकिन उनकी इस बात ने भाजपा के चुनावी रणनीतिकारों की चिंता बढ़ा दी कि वह अपने समर्थकों के हिसाब से निर्णय लेंगे। हालांकि, पार्टी नेतृत्व की ओर से उन्हें मनाने की कोशिशें भी हो रही हैं। खुद कुलदीप सोशल मीडिया पर कह रहे हैं कि उनसे पार्टी नेताओं ने बात की है। उन्हें राज्यमंत्री और मंत्री स्तर के पद की पेशकश तक की गई है। भाजपा ने प्रत्याशी चयन के लिए केंद्रीय संसदीय बोर्ड को जो छह नाम भेजे हैं, उनमें कुलदीप सिंह रावत का नाम भी शामिल है। लेकिन, बदरीनाथ के सबक के बाद केदारनाथ में पार्टी की नर्सरी से बाहर के चेहरे पर दांव लगाने का जोखिम पार्टी उठाएगी, इस बात की कम ही संभावना जताई जा रही है। माना जा रहा कि पार्टी ऐसे चेहरे पर दांव लगाएगी, जिसके लिए पार्टी कैडर का भरपूर समर्थन हो। कुलदीप समर्थक इसे लेकर बेहद आशंकित है। हालांकि कुलदीप टिकट को लेकर आश्वस्त नजर आ रहे हैं, लेकिन मिलने और न मिलने दोनों ही स्थितियों अगला कदम उठाने की रणनीति है। सोशल मीडिया में जिस रह से वह अपने समर्थकों की बात को तरजीह देने की बात कह रहे हैं, उसने भाजपा की पेशानी पर बल डाल दिए हैं।

# कांग्रेस प्रत्याशी के नाम पर दिल्ली में होगा मंथन

## पंचायत चुनाव भी नहीं होने पर कांग्रेस का हमला

देहरादून । उत्तराखंड कांग्रेस की अहम बैठक दिल्ली में होने जा रही है। इस बैठक को केदारनाथ उपचुनाव के बीच बेहद ही अहम माना जा रहा है। बैठक में चारों पर्यवेक्षक मौजूद रहेंगे। बैठक में केदारनाथ उपचुनाव के लिए प्रत्याशी के नाम पर मुहर लग सकती है। आज शाम चार बजे दिल्ली में उत्तराखंड कांग्रेस की बैठक आयोजित होगी। प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा प्रदेश, अध्यक्ष करन माहरा, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, केदारनाथ उपचुनाव प्रभारी गणेश गोदियाल, भुवन कापड़ी, वीरेंद्र जाती और बद्रीनाथ विधायक लखपत बुटोला समेत केंद्र ओर प्रदेश के तमाम नेता मौजूद रहेंगे। बैठक में केदारनाथ में कांग्रेस की रणनीति समेत संगठन से जुड़े कई विषयों पर होगी चर्चा। इसके साथ ही प्रत्याशी के नाम पर भी मुहर लग सकती है। जिसके बाद जल्द ही उम्मीदवार के नाम की घोषणा कर दी जाएगी। वहीं प्रदेश में पंचायतों का कार्यकाल अगले महीने 27 नवंबर को खत्म हो रहा है। लेकिन इस साल प्रदेश में पंचायत चुनाव नहीं होंगे। पंचायती राज विभाग ने मुख्यमंत्री को सौंप दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक इस साल पंचायत चुनाव नहीं होंगे। कांग्रेस इस साल पंचायत चुनाव ना होने पर सरकार पर हमलावर हो गई है। पंचायती राज विभाग की तरफ से शासन को रिपोर्ट



भेजने के साथ ही इस साल प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत के चुनाव न करने की बात भी कही गई है। पंचायती राज विभाग की रिपोर्ट सरकार को मिलने के बाद स्पष्ट हो चुका है कि इस साल प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव नहीं होंगे बल्कि पंचायत भी पर शासकों के भरोसे चलेगी। आपको बता दें कि चमोली, चंपावत, नैनीताल और उधम सिंह नगर जिले में कुछ जगहों पर नए सिरे से परिसीमन होना है इसलिए उसमें देरी की संभावना है। साथी मतदाता सूची में भी परिवर्तन किया जाना है। जो जनवरी महीने से पहले संभव नहीं है। ऐसे में अगले साल फरवरी मार्च के समय ही पंचायत चुनाव हो सकते है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा का कहना है कि बीजेपी पहले कह रही थी कि हम तैयार बैठे हैं और हम उम्मीद भी कर रहे थे कि पंचायत चुनाव कार्यकाल समाप्त होने के तुरंत बाद होंगे। माहरा ने कहा कि बीजेपी के मुंह में खून लग चुका है। उन्होंने कहा कि कार्यकारी एसडीएम इत्यादि लोगों को प्रबंधक के तौर पर वहां बैठाया जाता है और उनके द्वारा अपनो को रेवड़िया बांटी जाती हैं। हमें पहले ही लगता था कि प्रशासक बैठाकर उल्टे काम करवाएंगे और कार्यकर्ताओं की जेबें भरी जाएंगी। वहीं पंचायत चुनाव को लेकर शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल का कहना है कि अभी काफी समय बचा हुआ है। उन्होंने कहा कि हो सकता है कि निकाय चुनाव के साथ ही पंचायत चुनाव भी हो जाए इसको लेकर मंथन चल रहा है। हालांकि अभी इस बारे में कोई फैसला नहीं लिया गया है।

# बतासे और सोन पापड़ी बनाने वाले कारखानों में छापेमारी, तीन सील

रामनगर। रामनगर जिला मजिस्ट्रेट के निर्देश पर मिठाई की गुणवत्ता और मिलावट की जांच के लिए गठित समिति ने मंगलवार को विभिन्न क्षेत्रों में अवैध रूप से मिठाई का निर्माण कर रहे लोगों के खिलाफ अभियान चलाया। टीम को किया गया। प्रशासन, खाद्य सुरक्षा विभाग और पालिका ने मंगलवार को गूलघट्टी क्षेत्र स्थित मिठाई बनाने वाले बड़े कारखानों में छापेमारी की। इस दौरान केमिकल मिलने पर तीन कारखानों को सील कर दिया गया। साथ ही अन्य के में छापेमारी की। एसडीम शाह ने बताया कि गूलरघट्टी क्षेत्र स्थित एक सोहन पापड़ी कारखाना, मिल्क केक बनाने वाले कारखाने, दो बतासे बनाने वाले कारखाने समेत पांच कारखानों में खाद्य विभाग के नियमों की अनदेखी पाई गई। साथ ही सोहन पापड़ी बनाने वाले कारखाना मालिक के श्रमिकों का सत्यापन न करने पर पुलिस ने दस हजार जुर्माने के साथ पांच सिलेंडर जब्त किए गए। एसडीएम ने बताया कि कारखानों में प्रतिबंधित चार किलो पॉलीथिन भी





छापे के दौरान बताशों को सफेद करने के लिए खड़िया और मिल्क केक बनाने के लिए फिटकरी का इस्तेमाल होता मिला। टीम ने जांच के बाद पांच कारखानों पर जुर्माना लगाने के साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक और खाद्य सामग्री जब्त की। इसके अलावा मिठाई बनाने का लाइसेंस नहीं होने पर तीन जगहों को सील भी प्रपत्रों की जांच के निर्देश दिए गए हैं। वहीं एक कारखाने में गंदगी पाए जाने और एक में कर्मचारियों का सत्यापन न कराने पर जुर्माना भी वसूला गया। एसडीएम राहुल शाह, तहसीलदार कुलदीप पांडे, सीओ भूपेंद्र सिंह भंडारी, ईओ आलोक उनियाल, खाद्य सुरक्षा अधिकारी असलम ने संयुक्त रूप से गूलरघट्टी क्षेत्र में पांच कारखानों तीन कारखानों पर प्रतिबंधित केमिकल मौके पर पाया गया। कारखानों से सैंपल लेने के साथ उन्हें सील करने की कार्रवाई की गई। वहीं सोहन पापड़ी बनाने वाली कारखाने के दस्तावेजों की जांच के आदेश खाद्य सुरक्षा अधिकारी को दिए गए हैं। एक बतासा कारखाने में गंदगी मिलने पर पालिका ने पांच हजार का जुर्माना वसूला। बरामद हुई है। कारखाना मालिक मिठाई बनाने के लिए रसायनिक फिटकरी और टेल्क पाउडर का इस्तेमाल करते पाए गए। इस पर खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है। एसडीएम शाह ने बताया कि कुछ दिनों में रामनगर के खुदरा मिठाई कारोबारी और मिठाई की दुकानों पर छापे मारे जाएंगे।

# हल्दूचौड़ में फायरिंग करने वाले छह आरोपियों को किया गिरफ्तार

हल्द्वानी। हल्द्वानी के हल्दूचौड़ में दिनदहाड़े हुई फायरिंग की घटना के बाद पुलिस प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए महज 2 घंटे के भीतर ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया. आरोपियों के पास से पुलिस ने घटना में इस्तेमाल होने वाली पिस्टल, मैगजीन और कारतूस बरामद किया है। बता दें घटना देवरामपुर गांव में आपूर्ति निरीक्षक मोहित कठैत की अध्यक्षता में आयोजित सस्ते गल्ले की दुकानों की बैठक के दौरान हुई. जहां मोहित जोशी और राजू पांडे के बीच मामूली कहासुनी के बाद विवाद बढ़ गया.



थाने में दर्ज शिकायत के अनुसार, घटना के बाद कैलाश चंद्र अपनी दुकान दौलिया हल्दूचौड़ पहुंचा. तभी तीन कारों में सवार आरोपियों ने उस पर पथराव और गोलीबारी कर दी. किसी तरह वो अपनी जान बचाकर वहां से निकले। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की. एसएसपी ने मामले का संज्ञान लेते हुए आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी के निर्देश दिए. पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 2 घंटे के भीतर आरोपी सतीश सनवाल, भगत सिंह दरियाल, विजय जोशी, राजेंद्र पांडे उर्फ राजू, हिमांशु बमेठा और मोहित जोशी को गिरफ्तार कर लिया. पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है. एसएसपी ने जानकारी देते हुए बताया कि पकडे गए कई आरोपियों का पूर्व में भी आपराधिक रिकॉर्ड रहा है।

# एसएसपी मीणा ने बाजार में किया सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। आगामी त्यौहारों के मद्देनजर शहर में आपराधिक घटनाओं में लगाम कसने के लिए एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा स्वंय मैदान में उतरे और उन्होंने बाजार क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने सेनेटाइज अभियान चलाकर संदिग्ध घूमते, बाहरी व्यक्तियों के सत्यापन की कार्यवाही करवाई और अनावश्यक घूमने वालों को खूब फटकार भी लगाई। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि भयमुक्त वातावरण में दीपावली पर्व मनाएं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रहलाद नारायण मीणा ने ऑपरेशन सैनेटाइज के अन्तर्गत पुलिस टीम के साथ मिलकर आगामी दीपावली के अवसर पर हल्द्वानी शहर के भीड-भाड़ वाले स्थानों एवं पूरे बाजार में पैदल मार्च निकाला। इस दौरान उन्होंने शहर के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण किया और स्थानीय निवासियों को सुरक्षा का एहसास कराया। एसएसपी ने पुलिस टीम के साथ दुकानों में कार्यरत लोगों से सत्यापन के सम्बन्ध



में पूछताछ की ताकि कोई भी अवैध गतिविधि न हो सके। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि बिना उचित सत्यापन के किसी भी दुकान में कार्यरत लोगों के खिलाफ कार्यवाही भी की जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने अनावश्यक रूप से बाजारों में घूमने वाले लोगों को फटकार लगाई और उन्हें समझाया कि सार्वजनिक स्थानों पर अनुशासन और सुरक्षा का ध्यान रखना आवश्यक है। चौकिंग अभियान के अंतर्गत, कालू सिद्ध मन्दिर के सामने बाजार, नल बाजार, मंगल पड़ाव सब्जी मंडी, होलिका ग्राउंड के सामने, कारखाना बाजार, बर्तन बाजार, जामामस्जिद, ताज चौराहा, मेन बाजार, पटेल चौक, सदर बाजार, और होटल सरस वाली गली सहित विभिन्न स्थानों पर चौकिंग की गई। निरीक्षण टीम में एसपी सिटी प्रकाश चन्द्र, पुलिस उपाधीक्षक हल्द्वानी नितिन लोहनी, प्रभारी निरीक्षक राजेश यादव, थानाध्यक्ष वनभूलपुरा नीरज भाकुनी, चौकी प्रभारी मंगल पड़ाव दिनेश जोशी, उनि प्रवीण कुमार, उनि विजय कुमार, और उनि देवेन्द्र राणा सहित कुल 05 टीमें बनाई गई थीं। जिसमें 2 प्लाटून महिला/पुरुष पीएसी के साथ थाना और चौकी पुलिस बल मौजूद रहा। 9 पाइंटों पर नाकाबन्दी कर पिकेट तैनात की गई जिससे चौकिंग के दौरान कोई भी संदिग्ध बाजार से बाहर न जा सके। कई संदिग्धों की जांच की गई, और बिना सत्यापन के दुकानों, फड़ फेरी में काम करने वालों के सत्यापन की कार्यवाही की गई। नाम-पता सही न बता पाने वाले, और अनावश्यक रूप से बाजार में घूमने वालों को चौकी मंगल पड़ाव ले जाकर सत्यापन एवं आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। चौकी में लगभग 110 लोगों को लाया गया। जिसमें से 63 लोगों के विरूद्व सत्यापन एवं संदिग्ध पाये जाने पर 81 पुलिस एक्ट में चालानी कार्यवाही करते हुए जुर्माना जमा करवाया गया। एसएसपी ने सभी नागरिकों से त्यौहारी सीजन में जेबकतरों, टप्पेबाजों, चौनस्नैचरों से सावधान रहने और अपने छोटे बच्चों का विशेष ख्याल रखने की अपील की। उन्होंने कहा अराजकता किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी से अपील की कि वे त्योहारों के दौरान अनुशासन का पालन करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। उन्होंने कहा, दीपावली का त्योहार हम सबके लिए खुशियों का संदेश लाता है, लेकिन इसके साथ ही सुरक्षा की जिम्मेदारी भी हम सभी की है। हम सभी को मिलकर एक सुरक्षित और आनंदमय दीपावली मनानी चाहिए। आपकी सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है।

# बैग के अंदर महिला का शव मिलने से सनसनी

## मोहनपुर में सड़क किनारे झाड़ियों में फेंका: हत्याकांड के खुलासे के लिए पुलिस की कई टीमें गठित

दिनेशपुर (उद संवाददाता)। रुद्रपुर रोड मोहनपुर गांव में बुधवार की दोपहर सड़क किनारे झाड़ियों में एक बैग में अज्ञात महिला का शव मिलने से हड़कंप मच गया।सूचना मिलने पर एसएसपी मणिकांत मिश्रा समेत आलाअधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जानकारी जुटाई। इससे पहले भी किच्छा क्षेत्र में एक बोरे में महिला का शव बरामद हुआ था पुलिस उसी घटना से जोड़कर इस मामले को भी देख रही है। खुलासे के लिए एसएसपी ने पुलिस टीमें गठित कर दी हैं । थाना दिनेशपुर व गदरपुर से पहुंची टीम ने अज्ञात शव को अपने कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरु कर दी महिला के शव की अभी तक शिनाख्त नहीं हो पाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार दोपहर काशीपुर रुद्रपुर हाइवे पर मोहनपुर नंबर एक गांव में कुछ बच्चे बकरी चरा रहे थे। बच्चों ने सड़क किनारे हल्दी के खेत में संदिग्ध हालत में एक बैग पड़ा देखा। सूचना पर आसपास के लोग मौके पर इकठ्ठा हो गये किसी ने पुलिस को सूचना दी तो दिनेशपुर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने बैग को कब्जे में लेकर उसे खोलकर देखा तो उसमें एक महिला का शव बरामद हुआ। महिला के गले में दुपट्टा लिपटा था। और नाक सें खून भी निकला हुआ था। महिला की उम्र 20 से 25 साल के बीच आंकी जा रही है। शव मिलने की सूचना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। एसएसपी मणिकांत मिश्रा, एसपी सिटी मनोज कत्याल, एएसपी सीओ निहारिका तोमर के साथ फारेंसिक टीम व पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने पंचनामा भरने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। महिला के गले में दुपट्टा लिपटा होने और नाक से खून निकला होने से महिला की हत्या की आशंका जताई जा रही है। एसएसपी मणिकांत मिश्रा का कहना है कि संदिग्ध बैग पड़े होने की सूचना पर पुलिस ने मौके पर जाकर उसे चेक किया तो उसमें से एक महिला का शव बरामद हुआ।अभी कुछ कहना ठीक नही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।



## एसएसपी ने दिए जांच के निर्देश, नहीं हुई शिनाख्त

### दोनों टांगें तोड़कर बैग में डाली लाश

रूद्रपुर। ऊधमसिंहनगर नगर जनपद में आये दिन महलाओं की हत्या के कई सनसनखेज मामले सामने आ चुके हैं। वहीं अब नेशनल हाईवे–74 पर मोहनपुर नंबर एक गांव में बुधवार को एक बैग में महिला की लाश मिलने से हड़कंप मच गया है। वहीं महिला की शिनाख्त नहीं होने से पुलिस के समक्ष हत्याकांड में शामिल लोगों को पकड़ने में बड़ी चुनौती खड़ी हो रही है। लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने जांच पड़ताल की। पुलिस महिला की शिनाख्त करने का प्रयास कर रही



है। वहीं सूचना पर एसएसपी मणिकांत मिश्रा, एसपी सिटी रुद्रपुर मनोज कत्याल, सीओ निहारिका तोमर सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए। महिला के गले में चुन्नी लिपटी मिली।.बताया जा रहा है महिला के हाथों में मेहंदी रची हुई थी। महिला के साथ दुष्कर्म कर दुपट्टे से गला रेंतकर हत्या की आशंका जताई जा रही है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असल कारणों की पुष्टि होगी महिला की दोनों टांगें तोड़कर बैग में लाश डाली गई है। महिला की उम्र 25 से 30 साल होगी। पुलिस ने महिला की हत्या कर शव यहां फेंके जाने की आशंका जताई है।


'जय श्री राम' 'जय श्री बालाजी' 'जय श्री राम'

दीपावली के उपलक्ष्य में स्वर्ण चोला श्रृंगार,छप्पन भोग, विशाल भंडारा एवं भव्य

श्री बालाजी दरबार

स्थानः- श्री बालाजी मंदिर, दिनेशपुर

दिनांकः 26 अक्टूबर 2024 दिनः शनिवार,प्रातः 10:00 बजे से

निवेदकः-राजेन्द्र अग्रवाल, महंत श्री बालाजी मंडल रजि०, दिनेशपुर एवं उत्तरांचल दर्पण परिवार


## हत्यारोपी को आजीवन कारावास की सजा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिला एवं सत्र न्यायाधीश सिकन्द कुमार त्यागी ने हत्यारे को आजीवन कारावास और बीस हजार रुपये जुर्माने की सजा सुना दी। जिला शासकीय अधिवक्ता नन्दन सिंह धामी ने बताया कि राणा फार्म बाजपुर निवासी मोनिश ने 18 मार्च 2021 को बाजपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि इसी राणा फार्म पर ही काम करने वाले विक्की पुत्र शंकर सिंह ने किसी बात को लेकर 17 मार्च 2021 की रात करीब साढ़े नौ बजे अचानक मेरे पिता रफीक के सिर पर डण्डे से हमला कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया । पिताजी को बाजपुर अस्पताल ले गए जहां से उन्हें हल्द्वानी रैफर कर दिया गया जहां उनकी उपचार के दौरान मौत हो गई ।पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जाँच शुरू कर दी और विक्की को गिरफ्तार कर लिया तथा उसकी निशानदेही पर आला कत्ल डण्डा बरामद कर लिया,पुलिस द्वारा डण्डे की वैज्ञानिक जाँच कराई तो उस पर मृतक के सिर का बॉल चिपका हुआ था जिसकी डीएनए जाँच करने पर वह मृतक के साथ मैच हो गया ।विक्की के विरूद्ध जिला एवं सत्र न्यायाधीश सिकन्द कुमार त्यागी की अदालत में मुकदमा चला जिसमें जिला शासकीय अधिवक्ता नन्दन सिंह धामी ने 14 गवाह पेश कर आरोप सिद्ध कर दिया जिसके बाद जिला एवं सत्र न्यायाधीश सिकन्द कुमार त्यागी ने विक्की को हत्यारा सिद्ध करते हुए उसे आजीवन कारावास और बीस हजार रुपये जुर्माने की सजा सुना दी ।

## रूद्रपुर में विराट कवि सम्मेलन आठ नवम्बर को

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। राष्ट्रीय चेतना मंच की ओर से राज्य स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर स्वतंत्रता के महानायक व अमर शहीद शहीद सरदार भगतसिंह जी, चन्द्रशेखर आजाद जी, सुखदेव थापर जी, शिवराम राजगुरू जी, रामप्रसाद बिस्मिल जी, खुदीराम बोस, मदनलाल- ढींगरा, रानी लक्ष्मीबाई, विनायक दामोदर वीर सावरकर, स० ऊधमसिंह कम्बोज , मंगल पाण्डे, छत्रपति शिवाजी, महाराणाप्रताप, लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक, लाला लाजपत राय, अशफाक उल्ला खां, वीर अब्दुल हमीद व राष्ट्र के महापुरूषों राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी, नेताजी सुभाषचन्द्र बोस, स्वामी विवेकानन्द, स० बल्लभभाई पटेल, बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की स्मृति में राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत, भारतीय सभ्यता व संस्कृति का प्रतीक विराट कवि सम्मेलन आगामी 8 नवम्बर को रात्रि आठ बजे से जनता इण्टर कालेज, रुद्रपुर में आयोजित किया जायेगा। जानकारी देते हुए राष्ट्रीय चेतना मंच के अध्यक्ष संजय ठुकराल ने बताया कि विराट कवि सम्मेलन में देश के जाने माने कवियों को आमंत्रित किया गया है। कवि सम्मेलन में प्रवेश नि:शुल्क रहेगा व मातृशक्ति के बैठने की उचित व्यवस्था रहेगी।

## जीडी गोयनका में नन्हे मुन्हे बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल में किंडरगार्टन के छोटे बच्चों ने जेस्टाथॉन 3.0 के दूसरे दिन अपनी प्रतिभा दिखाई। इस आयोजन में बच्चों ने मजेदार दौड़ में भाग लिया और अपनी ऊर्जा और उत्साह का प्रदर्शन किया। माता-पिता की सक्रिय भागीदारी ने इस दिन को और भी यादगार बना दिया।दूसरे दिन, छोटे बच्चों ने विभिन्न खेलों में भाग लिया और अपनी प्रतिभा दिखाई। माता-पिता की उपस्थिति ने बच्चों को और भी उत्साहित किया। जेस्टाथॉन ने समुदाय और आनंद की भावना को प्रदर्शित किया, जो इस आयोजन की विशेषता रही।



## पार्लर में ग्राहक दिलाने के नाम पर की हजारों की ठगी

गदरपुर(उद संवाददता)। आये दिन शातिर ठग भोली भाली जनता को ठगने के नए-नए तरीके अपना रहे हैं। गदरपुर में भी एक ब्यूटी पार्लर पर ग्राहक दिलवाने के बहाने एक महिला से तीस हजार रुपये एक युवक ने ठग लिए। महिला ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। पुष्पा गुप्ता पत्नी स्वर्गीय हरिओम गुप्ता निवासी वार्ड नंबर 4 ने थाने में तहरीर देकर बताया कि शिव मंदिर गदरपुर के पास उनका पार्लर है। उनके पार्लर में मुरादाबाद से एक प्रमोद शर्मा नाम का युवक पार्लर का सामान अक्सर देने आता था, प्रमोद शर्मा ने पुष्पा गुप्ता से कहा कि वह उसे तीस हजार रूपये दे दे तो वह मुरादाबाद से दो लड़कियां गदरपुर भेजेगा और वह लड़कियां घर-घर जाकर आपके पार्लर का प्रचार करके आपके पार्लर के लिए ग्राहक लेकर आएंगी। पुष्पा गुप्ता ने विश्वास करते हुए प्रमोद शर्मा के नंबर पर ऑनलाइन तीस हजार रूपये ट्रांसफर कर दिए। पुष्पा गुप्ता ने बताया कि अब लगभग तीन माह हो चुके हैं, प्रमोद शर्मा ना ही फोन उठा रहा है और ना ही उनके पैसे वापस कर रहा है। उन्होंने प्रमोद शर्मा के खिलाफ नामजद तहरीर देकर कानूनी कार्यवाही की मांग की।


क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-

विजय आयुर्वेद क्लीनिक पंचकर्म सेन्टर

निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभवः-

पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार,निःसन्तान स्त्री-पुरूष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द,किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग

असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।

DR. VIJAY PRAKASH MISHRA M.D. (Ayurveda) Mob.: 9410897970

DR. ASHWINI MISHRA M.D. (Ayurveda) स्त्री एवं त्वचा रोग

मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)

होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी डी 1 डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड


## सभी जिलों में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड दफ्तर खुलेंगे

देहरादून। राज्य के सभी जिलों में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अपने कार्यालय खोलेगा, साथ ही अफसरों की तैनाती भी करेगा। राज्य बनने के बाद प्रदेश में केवल दो जगह देहरादून और हल्द्वानी में पीसीबी के क्षेत्रीय कार्यालय थे। इन कार्यालयों से कामकाज की अधिकता और सुगमता के दृष्टिगत वर्ष 2011 में रुड़की और काशीपुर में दो और क्षेत्रीय कार्यालयों को खोले गए। ऊधमसिंह नगर जिलेभर की निगरानी के लिए काशीपुर से जबकि हरिद्वार जिले की रुड़की से होती है। कुमाऊं के पांच जिलों की जिम्मेदारी हल्द्वानी कार्यालय से होती है। देहरादून से गढ़वाल मंडल के छह जिलों में कामकाज संभालने की जिम्मेदारी है। अब सभी जिलों में जांच और विभागीय कामकाज की सुगमता के लिए क्षेत्रीय कार्यालय खोले जाएंगे। साथ ही जहां क्षेत्रीय कार्यालय हैं, वहां एआरओ की तैनाती की जाएगी।


जगदीश कलर लैब टंडन फोटो स्टूडियो

पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें

जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।

05944-246817

विघ्नेश्वराय वरदाय सुरप्रियाय लम्बोदराय सकलाय जगद्धिताय ।
नागाननाय श्रुतियज्ञविभूषिताय गौरीसुताय गणनाथ नमो नमस्ते ॥

हमारे यहां कुंडली बनाने व दिखवाने एवं वैदिक ब्राह्मणों द्वारा रुद्राभिषेक, दुर्गा सप्तशती पाठ महामृत्युंजय जप, ग्रह शांति, शतचंडी यज्ञ एवं समस्त यज्ञ जप इत्यादि समस्याओं का समाधान के लिये संपर्क करें :

आचार्य गोपाल शास्त्री जी : 7248133444

# उत्तराखंड में मलिन बस्तियों को धामी सरकार ने दी राहत

## तीन साल के लिए अध्यादेश को मंजूरी, ग्राउंड वाटर के इस्तेमाल पर सरकार लगाएगी टैक्स
## वर्ष 2027 तक अंत्योदय परिवारों को निशुल्क रसोई गैस रिफिल योजना का मिलेगा लाभ

देहरादून(उद ब्यूरो)। बुधवार को सीएम पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट की बैठक में कई अहम फैसले लिए गए।धामी कैबिनेट की अहम बैठक में करीब 30 प्रस्ताव आए। मलिन बस्तियों को सरकार ने राहत दी है। मलिन बस्तियों के लिए सरकार ने अध्यादेश को मंजूरी दे दी है। मलिन बस्तियों को लेकर सरकार ने बड़ा निर्णय लिया है। उत्तराखंड में मलिन बस्तियों को सरकार ने राहत देते हुए अगले 3 साल के लिए अध्यादेश को मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही पशुपालन विभाग के तहत पहाड़ की आर्थिक बढ़ाने के लिए आईटीबीपी के जवानों के लिए लोकल स्तर पर भेड़, मटन, चिकन और मच्छी उपलब्ध होगा। इस से 200 करोड़ रुपए का फायदा स्थानीय स्तर पर होगा। प्रदेश में भाजपा की पुष्कर सिंह धामी सरकार अपने चुनावी वायदे के अनुरूप पूरे पांच वर्ष, यानी शेष कार्यकाल की अवधि वर्ष 2027 तक अंत्योदय परिवारों को निशुल्क रसोई गैस रिफिल योजना का लाभ देगी। मंत्रिमंडल की बुधवार को हुई बैठक में इस संबंध में प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई। भाजपा ने वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में प्रदेश के अति निर्धन परिवारों को वर्षभर में तीन रसोई गैस सिलिंडर निशुल्क उपलब्ध कराने का वायदा किया था। सरकार बनने पर मुख्यमंत्री निशुल्क गैस रिफिल योजना क्रियान्वित की गई। राज्य में लगभग 1,84,101 अंत्योदय राशनकार्डधारक हैं। वित्तीय वर्ष 2023-24 में भी भी इन राशनकार्डधारकों को तीन रसोई गैस सिलेंडर निशुल्क उपलब्ध कराए गए। मंत्रिमंडल ने इसे वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं वर्तमान सरकार के कार्यकाल की अवधि वर्ष 2027 तक निरंतर जारी रखने को स्वीकृति दी। वर्तमान दरों के अनुसार एक रसोई गैस सिलिंडर रिफिल पर 822 रुपये का खर्च अनुमानित है। वर्ष में तीन सिलिंडर उपलब्ध कराने पर कुल 45.39 करोड़ रुपये का खर्च सरकार को वहन करना पड़ रहा है। मंत्रिमंडल के निर्णय के अनुसार अंत्योदय राशनकार्डधारकों को चार माह में एक रिफिल सिलिंडर निशुल्क उपलब्ध कराने के लिए आयल कंपनियों को धनराशि अग्रिम दी जाएगी। कार्डधारकों को प्रत्येक चार माह में एक निशुल्क सिलिंडर प्राप्त करने के लिए पहले गैस एजेंसी में पूरा मूल्य जमा कराना होगा। इसके बाद आयल कंपनी सीधी लाभार्थी के खाते में डीबीटी के माध्यम से धनराशि हस्तांतरित करेंगी। मंत्रिमंडल ने अन्य महत्वपूर्ण निर्णय में हरिद्वार के सिडकुल में हेलीपोर्ट निर्माण को स्वीकृति दी। हेलीपोर्ट के लिए सिडकुल की बंसोवाली स्थित 8092 वर्गमीटर भूमि चिह्नित की गई है। इस वर्तमान में निर्धारित मूल्य 10.51 करोड़ है। इस भूमि को निशुल्क नागरिक उड्डयन विभाग को हस्तांतरित करने के संबंध में निर्णय के लिए मुख्यमंत्री को अधिकृत किया गया है। मंत्रिमंडल ने सिविल न्यायालय विकासनगर के पास पछवादून बार एसोसिएशन को एक रुपये प्रतिवर्ष की दर से 358 वर्गमीटर भूमि 30 साल की लीज पर देने का निर्णय लिया है। इस भूमि पर अधिवक्ताओं के लिए चौंबर का निर्माण किया जाएगा। वीरता पुरस्कार के अंतर्गत अशोक चक्र, महावीर चक्र, कीर्ति चक्र, वीर चक्र और शौर्य चक्र प्राप्त भारतीय सैनिकों एवं उनकी वीरांगनाओं को राज्य परिवहन निगम की बसों में निश्शुल्क यात्रा सुविधा मिली हुई है। इस सुविधा पर होने वाले खर्च की प्रतिपूर्ति सैनिक कल्याण विभाग अभी तक परिवहन विभाग को करता रहा है। मंत्रिमंडल ने तय किया है कि यह खर्च अब परिवहन निगम उठाएगा। साथ ही इस मद में विभाग की ओर से बजट की व्यवस्था की जाएगी। उत्तराखंड विद्युत नियामक आयोग की वर्ष 2022-23 की वार्षिक रिपोर्ट और वार्षिक लेखा विवरण के साथ ही 21 अगस्त, 2022 से 13 जनवरी, 2024 तक अधिसूचित विनियमों को आगामी विधानसभा सत्र में रखने के प्रस्ताव को मंत्रिमंडल ने स्वीकृति दी। मंत्रिमंडल ने मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा शेवेनिंग छात्रवृत्ति योजना के संचालन पर मुहर लगा दी। योजना के अंतर्गत प्रदेश के पांच मेधावी छात्र-छात्राओं को ब्रिटेन में उच्च शिक्षा ग्रहण करने का अवसर मिलेगा। इस योजना के संबंध में 14 अगस्त, 2024 को फारेन कामनवेल्थ एंड डेवलपमेंट आफिस, ब्रिटिश हाई कमीशन कार्यालय नई दिल्ली और प्रदेश सरकार के बीच अनुबंध पत्र पर हस्ताक्षर हुए थे। ब्रिटिश सरकार की इस वैश्विक छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत मेधावी छात्रों में नेतृत्व क्षमता के विकास पर बल दिया जाता है। राज्य के शासकीय महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों परिसरों के अधिकतम पांच आवेदकों को प्रतिवर्ष किसी भी पाठ्यक्रम में एक वर्ष के लिए स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में अध्ययन का अवसर होगा। इसे तीन शैक्षणिक सत्रों 2025 से 2028 तक संचालित किया जाएगा। प्रति छात्रवृत्ति 22 लाख यानी कुल 1.10 करोड़ रुपये का व्ययभार आएगा।इसमें से 42 से 46 लाख तक राशि ब्रिटेन वहन करेगा। शेष व ययभार राज्य सरकार उठाएगी।



## आईटीबीपी को जीवित पहाड़ी भेड़ बकरी कुक्कुट एवं मछली की आपूर्ति को मंजूरी

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में सचिवालय में हुई कैबिनेट बैठक में पशुपालकों हेतु महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। राज्य सरकार ने प्रदेश के सीमांत जनपदों में भेड़, बकरी, कुक्कुट एवं मछलीपालकों विभिन्न जनपदों में स्थित भारत तिब्बत सेना पुलिस की बटालियन को मांस मछली की आपूर्ति करने के लिए नई योजना को मंजूरी दे दी है। इस योजना से प्रदेश की लगभग 80 से अधिक सहकारी समितियों के माध्यम से लगभग 11 हजार से अधिक पशुपालकों को सीधा लाभ मिलेगा। सचिव पशुपाल डॉ. बी वी आर सी पुरुषोत्तम ने बताया कि राज्य कैबिनेट ने बुधवार को सहकारी समितियों के माध्यम से आईटीबीपी को जीवित भेड़- बकरी, कुक्कुट एवं मछली की आपूर्ति किए जाने हेतु मंजूरी दे दी है। जल्द आईटीबीपी के साथ सहकारी समितियों का एमओयू किया जाएगा। सचिव पशुपालन ने बताया कि पशुपालन विभाग की इस पहल के बाद सालाना 200 करोड़ के कारोबार का अनुमानित है। इस योजना के क्रियान्वयन के साथ ही प्रदेश के दूरस्थ जनपदों में मछली कुक्कुट एवं भेड़ बकरी पलकों के बड़ा बाजार उपलब्ध हो सकेगा। सचिव पशुपालन ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि प्रदेश के पशुपालकों को समय भुगतान किया जाए इसके लिए शासन द्वारा 5 करोड़ रुपए का रिवाल्विंग फंड भी दिया गया है ताकि पशुपालकों को 2 दिन की अवधि में भुगतान किया जा सके।

## दीपावली से पूर्व वेतन एवं पेंशन भुगतान की स्वीकृति

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर दीपावली पर्व के दृष्टिगत राज्य कर्मियों, पेंशन एवं पारिवारिक पेंशनरों को दीपावली से पूर्व वेतन एवं पेंशन भुगतान की स्वीकृति शासन द्वारा प्रदान की गयी है। इस संबंध में अपर मुख्य सचिव श्री आनंद बर्द्धन द्वारा सभी विभागाध्यक्षों, जिलाधिकारियों, निदेशक कोषागार पेंशन एवं हकदारी तथा सभी वरिष्ठ कोषाधिकारियों को संबोधित शासनादेश में स्पष्ट किया गया है, कि दिनांक 31.10.2024 को दीपावली का त्यौहार होने के कारण समस्त राज्य कर्मचारियों, सहायता प्राप्त शिक्षण एवं प्राविधिक शिक्षण संस्थाओं, शहरी स्थानीय निकायों तथा कार्यप्रभारित कर्मचारियों को वेतन एवं उत्तराखण्ड के कोषागारों से पेंशन प्राप्त करने वाले पेंशनरों/पारिवारिक पेंशनरों को माह अक्टूबर, 2024 का पेंशन/पारिवारिक पेंशन का भुगतान दिनांक 30.10.2024 से पूर्व किये जाने की स्वीकृति प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। उन्होने सभी संबंधित से उपरोक्त निर्णय का तत्परता से अनुपालन सुनिश्चित करने की भी अपेक्षा की।

# बलियानाले के सुरक्षात्मक कार्यों का मंडलायुक्त ने किया निरीक्षण

नैनीताल(उद संवाददाता)। कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने बुधवार को बलियानाले पर किए जा रहे सुरक्षात्मक, विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। बलिया नाले में भूस्खलन की घटनाओं को रोकने के लिए आईआईटी के निर्देशन में सिंचाई विभाग द्वारा सुरक्षात्मक कार्य किए जा रहे हैं। मुख्य अभियंता सिंचाई विभाग ने बताया कि बलिया नाले की तरफ भूस्खलन से पहाड़ी का ढाल अधिक हो गया है जिस कारण निकटवर्ती आवासीय परिवारों के अस्तित्व को खतरा पैदा हो गया है, इसीलिए यहां पूर्व में संचालित जीआईसी इंटर कॉलेज को भी अन्यंत्र कॉलेज में प्रतिस्थापित कर संचालित कर विद्यार्थियों को शिक्षण दिया जा रहा है। भूस्खलन के कारण दरकी पहाड़ी को स्थायित्व प्रदान करने के लिए सेल्फ ड्रिलिंग एंकरिंग , पायलिंग, शॉर्टकिट, रेनफॉरेस्टमेंट, जिओ टेक्सटाइल आदि अन्य तकनीकी माध्यम से और स्लोप के माध्यम से पहाड़ी का ढलान काम करने करने के कार्य किया जा रहे हैं। इस कार्य को भौगोलिक परिस्थिति के दृष्टिगत कई भागों में वितरित कर किया जा रहा है। कुमाऊं आयुक्त ने कार्यदाई संस्था व संबंधित अभियंता को कार्य की उच्च गुणवत्ता और कार्य को सफाई के साथ करने के लिए निर्देशित किया। दीपक रावत ने कार्य की मास्टर प्लान का भी अध्ययन किया। इस दौरान अपर जिलाधिकारी फिंचाराम चौहान , संयुक्त मजिस्ट्रेटनैनीताल वरुणा अग्रवाल, मुख्य अभियंता सिंचाई विभाग, अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग, अधिशासी अभियंता जल संस्थान, शिक्षा विभाग, तहसीलदार नैनीताल आदि मौजूद रहे।






तुम जियो हजारों साल



सूर्यांश दास के प्रथम जन्म दिन पर समस्त परिवारजनों एवं दर्पण परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं


# अमेनिटी ए की टीम ने जीती फुटबॉल प्रतियोगिता की ट्रॉफी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। 31वीं वाहिनी पीएसी में स्थित पुलिस माडर्न स्कूल द्वारा आयोजित कराये जा रहे तीन दिवसीय अंडर-14 बालक एवं बालिका फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन मुख्य अतिथि सुभाष अरोडा चेयरमैन एमिनिटी पब्लिक स्कूल द्वारा उत्तम सिंह नेगी उप सेनानायक 31वीं वाहिनी पीएसी की उपस्थिति में किया गया। मुख्य अतिथि श्री अरोडा को उत्तम सिंह नेगी उप सेनानायक 31वीं वाहिनी पीएसी द्वारा भेंट स्वरूप स्मृति चिन्ह दिया गया। फाइनल मैच से पूर्व मुख्य अतिथि द्वारा सभी खिलाडियों से परिचय प्राप्त का फुटबाल पर किक मार कर मैच को आरभ किया। सुबह की पाली में दोनो सेमीफाइनल मैच कराये गये। प्रथम सेमीफाइनल मैच एमिनिटी पब्लिक स्कूल टीम-ए व एमिनिटी पब्लिक स्कूल टीम-बी के मध्य हुआ जिसमें एमिनिटी पब्लिक स्कूल टीम-ए 2-0 से विजयी रही। दुसरा सेमीफाइनल मैच गुरूनानक स्कूल व पुलिस माडर्न स्कूल के मध्य खेला गया जिसमें गुरूनानक स्कूल 1-0 से विजयी रही। शाम की पाली में पहला मैच तीसरे प्लेस के लिये पुलिस माडर्न स्कूल व एमिनिटी पब्लिक स्कूल टीम बी के मध्य खेला गया जिसमें एमिनिटी पब्लिक स्कूल टीम-बी 4-0 से विजयी रही। शाम को ही इस टूर्नामेंट का फाइनल मैच एमिनिटी पब्लिक स्कूल टीम ए व गुरूनानक स्कूल के मध्य खेला गया जिसमें एमिनिटी पब्लिक स्कूल टीम ए 1-0 से विजयी रही। विजेता टीम को मुख्य अतिथि सुभाष अरोडा द्वारा ट्राफी प्रदान की गई। उपविजेता टीम को उत्तम सिंह नेगी, उप सेनानायक 31वीं वाहिनी पीएसी द्वारा ट्राफी प्रदान की गई। वहीं तीसरे स्थान पर रही एमीनीटी की टीम बी को तपेश कुमार चन्द, सहायक सेनानायक, द्वारा ट्राफी प्रदान की गई। बेस्ट गोल कीपर एमीनीटी टीम बी के अभिराज संधु को, बेस्ट मिड फिल्डर- गुरू नानक के प्रियांशु भट को, बेस्ट डिफेन्डर डीपीएस के युवराज जोशी को, प्लेयर आफ द टुरानामेंट- एमीनीटी टीम बी के अब्बास एमएस गणेशन को दिया गया एवं बेस्ट फेयर प्ले टीम का पुरूस्कार पुलिस माडर्न स्कूल को दिया गया। मुख्य अतिथि द्वारा खिलाडियों के उत्साहवर्धन हेतु कई अहम बातें बताई गई। उनके द्वारा बताया गया कि खेलों से ही अनुशासन, सम्मान, नेतृत्व, लची लापन, टीम वर्क, और प्रतिकूल परिस्थितियों से निपटने का तरीका सीखा जाता है। खेलों से हमारे जीवन में रोचकता आती है व हमारे दिमाग को आराम मिलता है। इसलिये बच्चों को इस प्रकार की प्रतियोगितसओं में पगतिभाग करना चाहिये। इस अवसर पर दलनायक भूपेश पाण्डेय, गिरीश चन्द्र जोशी, खुर्शीद अली, सूबेदर सैन्य सहायक, पीसी पुष्कर सिहं लस्पाल, भोविन्दर सिंह खाती, एकाउन्टेंट 31वीं वाहिनी, सुश्री पूजा रानी, प्रधानाचार्य पुलिस मार्डन स्कूल व पुलिस माडर्न स्कूल के समस्त अध्यापक मौजूद रहे।






# हिमालयन फुटबॉल चैंपियनशिप का हुआ समापन

## बालिका वर्ग में एचपीएस किच्छा और बालक वर्ग में सैनिक स्कूल नैनीताल ने जीती ट्राफी

किच्छा(उद संवाददाता)। हिमालयन प्रोग्रेसिव स्कूल में चल रही चार दिवसीय हिमालयन फुटबॉल चैंपियनशिप का समापन हो गया जिसमें बालिका वर्ग में हिमालयन प्रोग्रेसिव स्कूल तथा बालक वर्ग में बीएस सैनिक स्कूल नैनीताल ने जीत दर्ज करते हुए ट्राफी पर कब्जा कर लिया । फाइनल मैच को देखने पहुंचे मुख्य अतिथि किच्छा तिलकराज बेहड़ ने खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया। तथा विजेताओं को पुरस्कार वितरण करते हुए चैंपियनशिप समारोह का समापन किया।बेहड़ ने कहा कि वर्तमान में खिलाड़ी हर क्षेत्र में अपना कौशल दिखा रहे हैं। प्रतिभावान खिलाड़ियों को सरकार भी विभिन्न प्रकार से सहायता प्रदान कर रही है यही नहीं राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय तथा राज्य स्तरीय क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को सरकार विभिन्न क्षेत्रों में नौकरियां भी प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि वह चाहते हैं कि प्रत्येक क्षेत्र में खिलाड़ी उत्तराखंड का नाम रोशन करते रहे। समापन के समारोह के अंतिम दिन कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे एसपीएस स्कूल के प्रधानाचार्य राजेश शर्मा ने सभी खिलाड़ियों को अत्यधिक मेहनत करके खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ाने की सलाह दी उन्होंने सभी खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि आज के युग में जिस खिलाड़ी के पास अनुभव है योग्यता है वह अंतरराष्ट्रीय स्तर के खेलों में भी जहां देश का नाम रोशन कर रहे हैं वही अपना जीवन भी सफल बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेलने भी अति आवश्यक है।चैंपियनशिप के अंतिम दिन बालक और बालिका वर्ग के बीच सात मुकाबले खेले गए जिसमें एक क्वार्टर फाइनल, चार सेमीफाइनल तथा फाइनल मैच खेले गए । बालक वर्ग में दिन के पहले मैच में किड्स पैराडाइज स्कूल ने जेपीएस सीनियर स्कूल रुद्रपुर को हराकर सेमीफाइनल में जगह पक्की की । दूसरा बीएस सैनिक स्कूल नैनीताल तथा डॉन बॉस्को स्कूल हल्द्वानी के बीच सेमीफाइनल मैच खेला गया जिसमें बीएस सैनिक स्कूल फाइनल में जगह बनाने में कामयाब रहा । तीसरा मैच बालिका वर्ग में एचपीएस किच्छा तथा जेपीएस रुद्रपुर के बीच निर्धारित था लेकिन जेपीएस टीम की अनुपस्थिति के कारण एचपीएस किच्छा को वॉक ओवर मिला और इसी के साथ एचपीएस की बालिकाओं ने फाइनल में जगह बना ली । चौथा मैच बालक वर्ग में एचपीएस किच्छा तथा किड्स पैराडाइज स्कूल दिनेशपुर के बीच हुआ इस मैच ने दर्शकों को सांसें रोकने पर मजबूर कर दिया। इस मैच का निर्णय पैनाल्टी शूटआउट के द्वारा हुआ जिसमें किड्स पैराडाइज ने बाजी मार ली । पांचवां मैच बालिका वर्ग में हरीश पवार स्कूल तथा शिवालिक इंटरनेशनल स्कूल हल्द्वानी के बीच सेमीफाइनल खेला गया जिसमें शिवालिक ने जीत दर्ज की । बालक वर्ग के फाइनल मैच में बीएस सैनिक स्कूल नैनीताल ने किड्स पैराडाइज स्कूल दिनेशपुर को हराकर जीत की ट्रॉफी अपने नाम की । बालिका वर्ग के फाइनल में एचपीएस किच्छा ने शिवालिक इंटरनेशनल हल्द्वानी को हराकर फाइनल में जीत की हैट्रिक लगाई । विजेता टीमों को शहिमालयन फुटबॉल चैंपियनशिप की ओर से अतिथियों तथा विद्यालयी समिति ने बालक तथा बालिका वर्ग में 31000 -31000 की इनामी राशि के चेक के साथ ट्रॉफी देकर सम्मानित किया । चैंपियनशिप के अंतिम दिन भारी संख्या में छात्रों, अभिभावकों तथा नगर के गणमान्य लोगों का तांता मैचों कोध देखने के लिए लगा रहा । चौंपियनशिप में पहुंचे लोगों ने खेल के ऐसे बेहतरीन आयोजन के लिए स्कूल को धन्यवाद किया। कार्यक्रम में शहिमालयन फुटबॉल चैंपियनशिप के प्रायोजक, केवीएस फाऊंडेशन काशीपुर के चेयरमैन देवेन्द्र कुमार अग्रवाल , एसपीएस के डायरेक्टर अनीता रस्तोगी दीपक रस्तोगी, कैनेडियन एजुकेशन सेंटर से सुजीत पीटर और श्रीमती इरा, मीनाक्षी पैकेजिंग लालपुर से श् सतपाल गाबा, और श जूही गांधी जी की उपस्थिति विशिष्ट अतिथि रही । कार्यक्रमका संचालन जसविन कौर ने किया। इस अवसर पर हिमालयन प्रोगेसिव स्कूल के अध्यापक जितेंद्र चंदोला, रामपाल कश्यप, कमल आहूजा, शोभित शर्मा, हेम पंत, जितेश आर्य ,सूर्य प्रकाश सिंह जलाल, गुरजीत कौर, प्रिया मिगलानी,रिचा पांडे, प्रवीण आदि थे।









# बेहड़ ने किया 36 लाख से निर्मित विकास कार्यों का उद्घाटन

किच्छा (उद संवाददाता)। विधायक बेहड़ ने अपनी विधायक निधि से निर्मित कराये गए लगभग 18.68 लाख की लागत तथा जिला योजना से निर्मित करायी गयी 17.06 लाख की लागत से विकास कार्यों का उद्घाटन समस्त ग्रामवासियों की उपस्थिति में किये । इनमें विधायक निधि से जीरो बंदा श्री गुरुद्वारा साहिब में चाहरदीवार,दिवान झाला में बाबा भीमराव आंबेडकर द्वार, धौराडाम में 17 छोटी सड़कों का उद्घाटन तथा जिला योजना से निर्मित करायी गयी सड़कों का उद्घाटन फीता काटकर व् नारियल फोड़कर किया। इस दौरान ग्रामवासियों ने विधायक बेहड़ का अपने गाँव पहुचने पर फूलमालाएं पहनाकर स्वागत किया व विकास कार्य पूर्ण कराएँ जाने हेतु आभार जताया। इस दौरान विधायक बेहड़ ने कहा कि डामक्षेत्र जो की विकास में पीछे रह गया था अब यहाँ तेजी से विकास मेरे द्वारा कराया जा रहा है आगे भी और छोटी-बड़ी सड़कें बनायीं जाएगी, दीवानझाला में एक कमरा बनाया जायेगा,कोटखर्रा में भी एक बड़ी सड़क बनायीं जायेगी। बेहड़ ने जनसंवाद के दौरान लोगों को स्मार्ट मीटर के बारे में लोगों को जानकारी देते हुए कहा कि समार्ट मीटर न लगाने दे इसका अवश्य विरोध करे सरकार गरीबों को लूटने की नियत से ये विधुत मीटर लगा रही है,भारतीय जनता पार्टी का असली चेहरा सामने आ रहा है गरीबों के हितों की बात करने वाली ये सरकार गरीब विरोधी है इसके खिलाफ जनजागरण के माध्यम से लोगो को जागरूक किया जायेगा। विधायक बेहड़ ने बाबा भीमराव साहब के नाम पर विधायक निधि से निर्मित कराये गए गेट के उद्घाटन पर कहा कि हम और हमारा देश, बाबासाहब भीमराव अम्बेडकर का सदैव ऋणी रहेगा जिन्होंने संविधान निर्माण में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और समाज के दलित,पिछड़े,समाज की मुख्यधरा से वंचित लोगों को न्याय दिलाने की लड़ाई लड़ी और आज उनकी इसी विचारधारा से देश में करोड़ो लोग अपने पैरो पर खड़े होकर देश हित में अपना योगदान दे पा रहे है। इससे पूर्व विधायक बेहड़ ने दिन बुधवार से अपना ग्रामीण जनसंवाद का प्रारंभ नजीमाबाद धौराडाम स्थित श्री गुरुद्वारा साहिब जीरोबंदा में माथा टेककर क्षेत्रवासियों की मंगलमय की कामना करते हुए किया। जनसंवाद के तहत उन्होंने आज नजीमाबाद ग्रामसभा के अंतर्गत धौराडाम जीरो बंदा,चीमा लेन, प्रधान लेंन,दीवान झाला,बंगाली कालोनी, कोटखर्रा,अमर लेंन आदि गाँवों का दौरा किया। इस दौरान विधायक बेहड़ ने धौराडाम में लोगों के खेंतो व घरों में भरे पानी का भी पैदल भ्रमण कर जायजा लिया। इस दौरान सुरजीत सिंह,भजन सिंह ,रक्षपाल सिंह,बलवंत सिंह,रघुनाथ सिंह, लखविन्द्र सिंह,पप्पू चीमा,किशोर आचार्य ,उत्तम आचार्य,सपन मंडल, जसविन्द्र सिंह, सुरजीत सिंह,मोहन सिंह, बलवीर सिंह,श्रीकांत,रमेश सिंह,सुबेघ सिंह, भगवान् सिंह,हरबंस सिंह,गगनदीप सिंह ,गुरदीप सिंह समेत सैकड़ों की संख्या में बुजुर्ग,महिलाएं व पुरुष उपस्थित रहे।





# प्रवर्तन कार्रवाई में 51 वाहनों के काटे चालान

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। संभागीय परिवहन अधिकारी, प्रवर्तन एवं सड़क सुरक्षा हल्द्वानी संभाग गुरदेव सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी वंदना सिंह के निर्देशो क्रम में बुधवार को परिवहन विभाग के द्वारा प्रवर्तन कार्रवाई के दौरान 51 वाहनों के चालान किए गए और एक ई रिक्शा वाहन को सीज किया गया। चालान वाहनों में 37 ई रिक्शा वाहन सम्मिलित है । ई रिक्शा वाहन के विरुद्ध प्रवर्तन कार्यवाही हाइवे पर संचालित, भार ढोने एवं अन्य अभियोगो में की गयी। इसके अतिरिक्त अन्य वाहनों बस,ट्रक, टैक्सी मैक्सी वाहनों के सीट बेल्ट, रिफ्लेक्टर, नंबर प्लेट, ओवरलोडिंग आदि के संबंध में प्रवर्तन कार्रवाई की गई। चेकिंग अभियान में एआरटीओ जितेंद्र,परिवहन कर अधिकारी प्रमोद कर्नाटक, परिवहन विभाग के कार्मिक आर सी पवार, गिरीश कांडपाल,चंदन सुपयाल,अनिल कार्की, महेंद्र प्रसाद आदि मौजूदरहे।



# नागालैंड जनप्रतिनिधियों ने किया जानी कूड़ा निस्तारण की प्रक्रिया

रुद्रपुर। नागालैंड के निकायों के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का 30 सदस्यीय दल रुद्रपुर पहुंचा। यहां निकाय के अधिकारियों ने दल को सीबीजी, कूड़ा प्रोसेसिंग प्लांट के साथ ही एसटीपी का भ्रमण कराया। टीम ने ट्रंचिंग ग्राउंड से दशकों पुराने कूड़े के ढेर को हटाने में इस्तेमाल तकनीक को भी जाना। नगालैंड के म्यूनिसिपल अफेयर्स विभाग के एडिशनल सेक्रेटरी टी निंबेमो ओडियो, ज्वाइंट डायरेक्टर टेमजेरेंल केचु और डिप्टी डायरेक्टर केविलेंवो सोलो की अगुवाई में 30 सदस्यीय दल नगर निगम पहुंचा। यहां स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. हर्षपाल सिंह चंडोक की अगुवाई में टीम ने दल को ब्लॉक रोड पर बने सीबीजी प्लांट और प्रोसेसिंग प्लांट का भ्रमण कराया। बताया कि सीबीजी प्लांट में गीले कचरे से खाद के साथ बिजली तैयार की जाती है। टीम ने एसटीपी प्लांट के साथ ही ट्रंचिंग ग्राउंड में दशकों पुराने कूड़े को हटाने में चरणबद्ध तरीके से अपनाई गई प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी ली। केविलेंवो सोलो ने बताया कि नैनीताल, हल्द्वानी और रुद्रपुर के नगर निकायों में कूड़ा निस्तारण के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली है। वहां पर सफाई निरीक्षक कुलदीप कुमार,पीएमयू टीम आदित्य,एसबीएम विशेषज्ञ सूर्य तिवारी सहित अनेक मौजूद रहे।



# दिनदहाड़े फायरिंग करने वाले छह आरोपी पिस्टल सहित गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। लालकुआं कोतवाली क्षेत्रांतर्गत हल्दूचौड़ में दिन-दहाड़े फायरिंग की घटना को अंजाम देने वाले 6 आरोपियों को पुलिस ने 2 घण्टे के भीतर ही गिरफ्तार कर लिया। साथ ही उनके पास से घटना में प्रयुक्त एक अवैध पिस्टल, 2 जिंदा कारतूस मय मैगजीन,2 खोखा कारतूस भी बरामद किए। पुलिस टीम को एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने नगद पुरस्कार देने की घोषणा की है।मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने बताया कि 22अक्टूबर को कैलाश चन्द्र पुत्र स्व. पूरन चन्द्र निवासी दौलिया नंबर 1 हल्दूचौड़ लालकुआं द्वारा थाना लालकुआं में तहरीर दी कि ग्राम देवरामपुर में आपूर्ति निरीक्षक मोहत कठैत की अध्यक्षता में सस्ते गल्ले की दुकानों के प्रस्ताव को लेकर आयोजित मीटिंग के दौरान मोहित जोशी व राजू पाण्डे द्वारा बहस की जाने लगी। उन्होंने समझाने का प्रयास किया गया तो वह गाली गलौच व मारपीट कर जान से मारने की धमकी देकर चले गये।जिसके बाद वह अपनी दुकान दौलिया हल्दूचौड़ पहुचा तथा दुकान के बाहर खडा था तभी पीछे से 3 कारों में मोहित जोशी ,राजू पाण्डे , कार्तिक रजवार, सतीस सनवाल, विजय जोशी तथा अन्य साथी द्वारा आकर उस पर हमला तथा पथराव किया गया तथा उनमे से किसी व्यक्ति द्वारा जान से मारने की नियत से उसके उपर फायरिंग की गयी की गई। किसी तहर उसने भागकर अपनी जान बचाई। एसएसपी ने बताया कि आरोपियों को पकड़ने के लिए गठित पुलिस टीम द्वारा 2 घण्टे के भीतर ही फायरिंग की घटना को अंजाम देने वाले छह अभियुक्तों जो कि घटना के पश्चात भागने की फिराक में थे को आर्शीवाद कॉम्प्लेक्स के पास से गिरफ्तार किया गया। तथा घटना मे प्रयुक्त वाहनों को भी कब्जे में लिया गया। पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम पता सतीश सनवाल पुत्र कृष्णा नन्द सनवाल निवासी इन्द्रपुर गरवाल हल्दूचौङ, भगत सिंह दरियाल पुत्र देव सिंह दरियाल निवासी इन्द्रानगर प्रथम बिन्दुखत्ता, विजय जोशी पुत्र भुवन चंद्र जोशी निवासी कार रोड राजीव नगर प्रथम बिंदुखत्ता, राजेन्द्र पाण्डेय उर्फ राजू पुत्र भुवन चन्द्र पाण्डे निवासी-देवरामपुर हल्दूचौङ, हिमांशु बमेठा पुत्र दिनेश बमेठा निवासी हरिपुर बच्ची हल्दूचौड तथा मोहित जोशी पुत्र रमेश चन्द्र जोशी निवासी दीना हल्दूचौड बताया। पूछताछ में उन्होंने बताया कि विजय जोशी व भगत दरियाल द्वारा घटना मे प्रयुक्त अस्लाह को घटना के बाद मोहित जोशी को देना बताया। जिस पर पुलिस ने मोहित जोशी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त पिस्टल मय 2 जिन्दा कारतूस मय मैग्जीन तथा 2 खोखा कारतूस बरामद किये। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तगणों के विरुद्ध पूर्व में भी थाना लालकुआं में गम्भीर प्रवृति के अभियोग पंजीकृत है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल द्वारा गिरफ्तारी पुलिस टीम के उत्साहवर्धन हेतु 2,500 रुपए नगद इनाम की घोषणा की है। पुलिस टीम में नितिन लोहनी क्षेत्राधिकारी नगर हल्द्वानी, डीआर वर्मा, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली लालकुआं, व.उ.नि. हरेन्द्र सिंह नेगी, व.उ.नि. द्वित्तीय दीपक सिंह बिष्ट, उ.नि. गौरव जोशी, अ.उ.नि. प्रेम बल्लभ जोशी , हे.का. त्रिलोक सिंह रौतेला, कानि. मनीष कुमार शामिल थे।



## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

### प्रदूषण पर अंकुश

मानसून की विदाई के साथ धान की कटाई शुरू हो गई है। मगर विडंबना है कि हर सख्ती के बावजूद खेत–खलिहानों में इस वर्ष भी पराली जलाई जा रही है। इससे जाहिर है कि नियम–कायदों की परवाह किसी को नहीं है। यह छिपी बात नहीं है कि पराली जलाने से प्रति वर्ष दिल्ली और आसपास प्रदूषण गंभीर स्तर तक पहुंच जाता है। नागरिकों का दम घुटने लगता है। अस्पतालों में उपचार कराने की नौबत आ जाती है। सर्वोच्च न्यायालय की फटकार के बाद वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने कवायद शुरू की, तब जाकर पंजाब और हरियाणा की सरकारें सक्रिय हुईं। पंजाब पुलिस ने आनन–फानन में एक महीने में ही आठ सौ चौहत्तर प्राथमिकियां दर्ज कीं। वहीं कैथल जिले में पराली जलाने पर अठारह किसानों को गिरफ्तार किया गया। हरियाणा के कृषि विभाग ने पहली बार चौबीस अधिकारियों को निलंबित कर दिया। बावजूद इसके, पराली जलाने के मामले घट नहीं रहे। दिल्ली के आसमान पर धुएं की परत जमने लगी है। ऐसे में सर्वोच्च अदालत ने केंद्र के साथ पंजाब और हरियाणा को याद दिलाया है कि प्रदूषण मुक्त वातावरण में रहना नागरिकों का मौलिक अधिकार है। बड़ा सवाल है कि नागरिकों का स्वास्थ्य खतरे में होने के बावजूद पर्यावरण कानून का पालन करने से सरकारों को कौन रोक रहा है? इसे शक्तिहीन बनाने के लिए अदालत ने बुधवार को केंद्र की भी खिंचाई की। स्पष्ट है कि पराली जलने से लगातार बढ़ रहे प्रदूषण की बड़ी वजह जमीनी स्तर पर कार्रवाई न होना है। राज्य सरकारें और स्थानीय जिला प्रशासन पर्यावरण संरक्षण कानून को सख्ती से लागू करते, तो यह नौबत नहीं आती। यही वजह है कि शीर्ष अदालत ने बुधवार को पंजाब और हरियाणा के मुख्य सचिवों को तलब कर बार–बार आंकड़े बदलने पर सवाल उठाया और कहा कि हर कोई इस मामले को हलके में ले रहा है। इससे गलत संदेश गया है। यह हैरानी की बात है कि शीर्ष न्यायालय की फटकार और बार–बार चिंता जताए जाने पर भी गंभीरता से व्यापक कार्रवाई न होना, यह साबित करता है कि राज्य सरकारें नागरिकों के स्वास्थ्य के प्रति सचेत नहीं हैं।

## आर्मी का ट्रक पलटा जवान की दबने से हुई मौत

देवप्रयाग। देवप्रयाग के पास एक दर्दनाक हादसा हो गया। आर्मी का एक ट्रक पलट गया। हादसे में एक जवान की दबने से मौत हो गई। घटना एनएचपीसी बैंड के पास हुई। थाना देवप्रयाग की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हाइड्रा की मदद से ट्रक को खड़ा कर जवान को बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक जवान की पहचान हवलदार शैलेंद्र सिंह (35 वर्ष) के रूप में हुई है, जो 26 राजपूत रेजीमेंट से संबंधित थे। घटना के कारणों की जांच की जाएगी।



# पराली जलाने पर जुर्माने और दंड का प्रावधान

किसान प्रत्येक विपरीत मौसम में देश की जनता का पेट भरने के लिए अपने श्रम से फसल का उत्पादन करता है, किंतु उसे पराली जलाने के अपराध में जेल भेजने की धमकियां दी जा रही हैं। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने पराली जलाने की घटनाओं को पूर्णतया रोक लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। आयोग ने दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश और राजस्थान के जिला अधिकारियों को विशेष अधिकार प्रदान किए हैं। कहीं भी पराली जलाई गई तो किसान के विरुद्ध न केवल कानूनी कार्यवाही की जाएगी, बल्कि उसे हिरासत में भी लिया जा सकता है। यह कार्यवाही राष्ट्रीय राजधानी और आसपास के क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता प्रबंधन अधिनियम 2021 की धारा–14/2 के तहत की जाएगी। 15 सितंबर से 9 अक्टूबर 2024 तक पराली जलाने की 454 घटनाएं घटी हैं, इनमें 267 पंजाब में और 187 हरियाणा में दर्ज की गई हैं। जबकि पराली से ज्यादा प्रदूषण दिल्ली और समूचे एनसीआर में कारों और दो पहिया वाहनों से होता है। मौसम के करवट लेते ही देश की राजधानी दिल्ली में वायु प्रदूषण का हल्ला शुरू हो जाता है। इस प्रदूषण के कारण तो कई हैं, लेकिन प्रमुख कारण पराली जलाना बताया जाता रहा है। लेकिन नए शोधों से पता चला है कि पाकिस्तान में बड़ी मात्रा में पराली जलाई जाती है, जिसके लिए हमारे किसान दोषी नहीं हैं। पंजाब रिमोट सेंसिंग सेंटर (पीआरएससी) द्वारा लिए उपग्रह चित्रों से पता चला है कि सीमा पार का धुआं भी दिल्ली की आबो–हवा खराब कर रहा है। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने पंजाब के खेतों में जलती पराली की तस्वीरें जारी करके यह जताने की कोशिश की थी कि वायु प्रदूषण के लिए पराली ही दोषी है। इसके जवाब में पंजाब सरकार का तर्क था कि यह धुआं सिर्फ पराली का नहीं है, इसमें कचरा घरों, समसान और भोजन पकाने का धुआं भी शामिल है। फसलों के अवशेष के रूप में निकलने वाली पराली को हरियाणा, पंजाब, राजस्थान व पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बड़ी मात्रा में जलाया जाता है। इससे दिल्ली की आबोहवा में धुंध छा जाती है। हर साल सितंबर–अक्टूबर–नवंबर माह में फसल कटने के बाद शेष बचे ठंठलों को खेतों में ही जलाया जाता है। इनसे निकलने वाला धुआं वायु को प्रदूषित करता है। वायु गुणवत्ता सूचकांक के आंकड़े बताते हैं कि मानसून खत्म होते ही दिल्ली में वायु प्रदूषण तेजी से बढ़ने लगता है। सरकारी आंकड़ों से पता चलता है कि देश में हर साल 70 करोड़ टन पराली निकलती है। इसमें से 9 करोड़ टन खेतों में ही छोड़नी पड़ती है। हालांकि 31 प्रतिषत पराली का उपयोग चारे के रूप में, 19 प्रतिशत जैविक ऊर्जा के रूप में और 15 प्रतिशत पराली खाद बनाने के रूप में इस्तेमाल कर ली जाती है। बावजूद 31 प्रतिशत बची पराली को खेत में ही जलाना पड़ती है, जिसे वायु प्रदूषण का बड़ा कारण एजेंसियां जताती हैं। अकेले पंजाब में इस बार 15 लाख मीट्रिक टन पराली खेतों में जलाने की आशंका है। एक हेक्टेयर धान के खेत में औसतन 3 से 5 मीट्रिक टन पराली निकलती है। पंजाब में इस बार 30 लाख 10 हजार हेक्टेयर कृषि भूमि में धान रोपी गई है। फसल आने के बाद इसमें से पांच लाख मीट्रिक टन पराली का इस्तेमाल चारा, खाद एवं उद्योगों में ईंधन के रूप में हो जाएगा। उपयोग की जाने वाली पराली की यह मात्रा महज 20 प्रतिशत है, जबकि 80 प्रतिशत पराली का कोई उपयोग नहीं है। इसलिए किसानों के पास इसे सरलता से नष्ट करने का जलाने के अलावा कोई दूसरा उपाय नहीं है। केंद्र व राज्य सरकारें भी पराली नष्ट करने की सस्ती व सुरक्षित तकनीक ईजाद करने में नाकाम रही हैं। ऐसी कोई तकनीक नहीं होने के कारण किसान को खेत में ही ठंठल जलाने पड़ते हैं। जलाने की उसे जल्दी इसलिए भी रहती है, क्योंकि खाली हुए खेत में गेहूं और आलू की फसल बोनी होती है। इस लिहाज से जरूरी है कि राज्य सरकारें पराली से जैविक खाद बनाने के संयंत्र जगह–जगह लगाएं और रासायनिक खाद के उपयोग को प्रतिबंधित करें। हालांकि कृषि वैज्ञानिक पराली को कुतरकर किसानों को जैविक खाद बनाने की सलाह देते हैं, किंतु यह विधि बहुत महंगी है। कर्ज में डूबे देश के किसान से यह उम्मीद करना नाइंसाफी है। हालांकि कुछ छोटे किसान वैकल्पिक तरीका अपनाते हुए धान को काटने से पहले ही आलू जैसी फसलें बो देते हैं। इसका फायदा यह होता है कि पराली स्वाभाविक रूप में जैविक खाद में बदल जाती है। यह सही है कि पराली जलाने के कई नुकसान हैं। वायु प्रदूषण तो इतना होता है कि दिल्ली भी उसकी चपेट में आ जाती है। अलबत्ता एक एकड़ धान की पराली से जो आठ किलो नाइट्रोजन, पोटाश सल्फर और करीब 3 किलो फास्फोरस मिलती है, वह पोषक तत्व जलने से नष्ट हो जाते हैं। आग की वजह से धरती का तापमान बढ़ता है। इस कारण खेती के लिए लाभदायी सूक्ष्मजीव भी मर जाते हैं। इस लिहाज से पराली जलाने का सबसे ज्यादा नुकसान किसान को ही उठाना पड़ता है। इसलिए यह जरूरी है कि पराली के उपयोग के भरपूर उपाय किए जाएं। बावजूद ऐसे कई कारण हैं, जो वायु को प्रदूषित करते हैं। भारत में औद्योगीकरण की रफ्तार भूमण्डलीकरण के बाद तेज हुई है। एक तरफ प्राकृतिक संपदा का दोहन बढ़ा तो दूसरी तरफ औद्योगिक कचरे में बेतहाशा बढ़ोत्तरी हुई। लिहाजा दिल्ली में जब शीत ऋतु दस्तक देती है तो वायुमण्डल में आर्द्रता छा जाती है। यह नमी धूल और धुएं के बारीक कणों को वायुमण्डल में विलय होने से रोक देती है। नतीजतन दिल्ली के ऊपर एकाएक कोहरा आच्छादित हो जाता है। वातावरण का यह निर्माण क्यों होता है, मौसम विज्ञानियों के पास इसका कोई स्पष्ट व तार्किक उत्तर नहीं है। वे इसकी तात्कालिक वजह पंजाब एवं हरियाणा के खेतों में जलाई जा रही पराली बता देते हैं। यदि वास्तव में इसी आग से निकला धुआं दिल्ली में छाए कोहरे का कारण होता तो यह स्थिति चंडीगढ़, अमृतसर, लुधियाना और जालंधर जैसे बड़े शहरों में भी दिखनी चाहिए थी? लेकिन नहीं दिखती। अलबत्ता इसकी मुख्य वजह हवा में लगातार प्रदूषक तत्वों का बढ़ना है। दरअसल मौसम गरम होने पर जो धूल और धुंए के कण आसमान में कुछ ऊपर उठ जाते हैं, वे सर्दी बढ़ने के साथ–साथ नीचे खिसक आते हैं। दिल्ली में बढ़ते वाहन और उनके सह उत्पाद प्रदूषित धुआं और सड़क से उड़ती धुल अंधियारे की इस परत को और गहरा बना देते हैं। दिल्ली में जब मानक पैमाने से ढाई गुना ज्यादा प्रदूषक तत्वों की संख्या बढ़ जाती है, तब लोगों में गला, फेफड़ें और आंखों की तकलीफ बढ़ जाती हैं। कई लोग मानसिक अवसाद की गिरफ्त में भी आ जाते हैं। हालांकि हवा में घुलता जहर महानगरों में ही नहीं छोटे नगरों में भी प्रदूषण का सबब बन रहा है। कार–बाजार ने इसे भयावह बनाया है। यही कारण है कि लखनऊ, कानपुर, अमृतसर, इंदौर और अहमदाबाद जैसे शहरों में प्रदूषण खतरनाक स्तर की सीमा लांघने को तत्पर है। उद्योगों से धुंआ उगलने और खेतों में बड़े पैमाने पर औद्योगिक व इलेक्ट्रोनिक कचरा जलाने से भी दिल्ली की हवा में जहरीले तत्वों की सघनता बढ़ी है। इस कारण दिल्ली दुनिया के सर्वाधिक प्रदूषित शहरों में शामिल हो गया है। राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने पराली जलाने पर पाबंदी लगा दी है। पंजाब और हरियाणा सरकारों ने पराली जलाने पर जुर्माने का प्रावधान भी किया है। इससे यह उम्मीद बंधी थी कि पराली जलाने की घटनाएं कम होंगी, लेकिन नहीं हुईं। एनजीटी ने इस पर नियंत्रण को लेकर नाराजी जताते हुए कहा है कि जिस तरह से अपराधों को रोकने के लिए कानून लागू किए हैं, उसी तरह इस जवाबदेही के लिए अधिकारियों पर जुम्मेबारी डाली जाए। दंडात्मक कार्यवाही करने की रणनीति भी अपनाई जाए। लेकिन एनजीटी का यह निर्देश व्यावहारिक नहीं कहा जा सकता है। क्योंकि जब पिछले 500 साल से फसलों के अवशेषों को जलाए बिना नष्ट करने की कोई तकनीक संपूर्ण रूप में सामने नहीं आई है तो फिर किसान या अधिकारियों को एकाएक दोषी कैसे ठहराया जा सकता है? वैसे पराली जलाने की समस्या केवल भारत में ही नहीं है, दुनिया के अनेक देश इससे दो–चार हो रहे हैं। चीन में तो यह एक बड़ी समस्या है ही अमेरिका और फ्रांस भी इससे जूझ रहे हैं। पाकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल और श्रीलंका भी फसल के अवशेषों को नष्ट करने का यही उपाय अपनाते हैं। ऐसे में पराली जलाने से भारत के कुल राज्य ही क्यों प्रदूषित होते हैं?

–प्रमोद भार्गव,वरिष्ठ पत्रकार

## द हारमनी क्लब ने युवतियों को भेंट की सिलाई मशीनें

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। रोटरी क्लब द्वारा संचालित निःशुल्क रोटरी सहेली सेंटर में आज आयोजित एक कार्यक्रम में द हारमनी क्लब द्वारा समाज की गरीब चार युवतियों को सिलाई मशीनें भेंट कर उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए मदद की। क्लब की सदस्याओं ने कहा कि उनका हमेशा यही प्रयास रहा हे कि हर गरीब युवतियों की यथायोग्य मदद की जाए। क्लब समाजसेवा के कार्यों में पिछले कई वर्षों से जुटा हुआ है। उन्होंने लाभार्थी युवतियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अपने इस हुनर का लाभ अन्य युवतियों को भी पहुंचाएं। क्लब की सचिव डा. नीतिका पांडेय ने बताया कि यहां जहां गरीब बच्चियों और महिलाओं को निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण दिया जाता है। इस सेंटर में अब तक 400 से अधिक बच्चियों ने सिलाई का प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने जीवन में इसका लाभ उठाया है, जबकि वर्तमान में 75 छात्राएं सिलाई का काम सीख रही हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं द्वारा संचालित और सबसे पुरानी संस्था द हारमनी क्लब के सदस्यों ने रोटरी सहेली सेंटर का दौरा किया और वहां मेहनती लेकिन साधन विहीन 4 बच्चियों अर्चना, रजनी, प्रीति, अर्चना को सिलाई मशीनें दान कीं। हारमनी क्लब का यह मानना है कि यदि इन बच्चियों को उचित साधन और सुविधाएं मिलेंगी, तो वे न केवल अपने माता–पिता और बच्चों की जिंदगी बेहतर कर सकेंगी, बल्कि एक अच्छे समाज के निर्माण में भी योगदान देंगी। इस अवसर पर रोटरी क्लब रुद्रपुर के अध्यक्ष रोटेरियन सीए जयप्रकाश अग्रवाल ने हार्मनी क्लब के सदस्यों का आभार व्यक्त किया और इस तरह की सकारात्मक साझेदारी के महत्व पर जोर दिया, जिससे समाज के कमजोर वर्गों को सशक्त बनाया जा सके। कार्यक्रम में रोटरी क्लब की सचिव डॉ. नितिका पांडे, हारमनी क्लब की अंजु मित्तल, धारा अग्रवाल, सरीना अग्रवाल, जसमीत कौर तलवार, मोनिका श्यामपुरिया, सुनीति गोयल, तन्वी गोयल, अंजू मित्तल, मधु रुंगटा, अमिता अग्रवाल, और उनके साथी सदस्य के साथ सिलाई प्रशिक्षण के रही सांवरी, नीरज देवी, मीना, सरिता मुन्नी, नीतू, सुषमा, मानतशा, नाजमीन भी उपस्थित थे।



## कैंसर जागरूकता गोष्ठी आयोजित

हल्द्वानी (उद संवाददाता) सेंट थेरेसा सीनियर सेकेंडरी स्कूल में भारत विकास परिषद शाखा काठगोदम की ओर से महिलाओं के लिए कैंसर जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें 800 छात्राओं ने गोष्ठी का लाभ लिया। उजाला सेंट्रल हॉस्पिटल के कैंसर सर्जन डॉ शलभ अरोड़ा ने बताया कैंसर आजकल बहुत तेजी से बढ़ रहा है जिसका करण गलत आहार, शराब



तंबाकू, फास्ट फूड गलत जीवन सेली, मोटापाआदि है। बालिकाओं में एव महिलाओं में सर्विक्स कैंसर बहुत अधिक होता है। इसका संक्रमण काल 12 से 14 वर्ष का है। इसके बचाव के लिए निरंतर 3–3 वर्ष में जाँच कराते रहना चाहिए। एवं वेक्सिन 12 वर्ष से 26 वर्षकी बालिकाओं को लगवाना चाहिए। गोष्ठी का प्रारंभ विद्यालय प्राचार्य अध्यक्ष दीपक माहेश्वरी, सचिव नीलम शर्मा, महिला संयोजिका गरिमा सिंहल ने दीप प्रज्वलित करके किया। कार्यक्रम में ममता खुल्लर, कानिका बमेटा, श्यामली छिम्वाल उपस्थित थे।




# डीएम ने की रामनगर, हल्द्वानी और भीमताल डिवीजन की जल जीवन मिशन की समीक्षा

नैनीताल( उद संवाददाता)। जिलाधिकारी वंदना सिंह ने बुधवार को नैनीताल क्लब सभागार में जल संस्थान और जल निगम के रामनगर, हल्द्वानी और भीमताल डिवीजन की जल जीवन मिशन की समीक्षा की और अगस्त माह में जल जीवन मिशन के तहत ली गई बैठक में दिए गए निर्देशों पर की गई कार्यवाही की अपडेट ली, अगस्त और सितंबर माह में डीएम ने ग्राम प्रधानों के साथ बैठक कर जल जीवन मिशन के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा की थी जिसमे प्रधानों ने अपने अपने क्षेत्र की समस्या से अवगत कराया था। डीएम ने संबंधित अधिकारियो को मौके पर जाकर समस्या के समाधान के निर्देश दिये थे उसी क्रम में आज विभागों से फॉलो अप लिया गया। डीएम ने जल संस्थान, जल निगम भीमताल, हल्द्वानी और रामनगर की जल जीवन मिशन के तहत फेज 1 -2 में हो रहे कार्यों की प्रगति समीक्षा की। उन्होंने फेज 1 के सभी अवशेष योजनाओं को जल्द क्लोज करने और फेज-2 में हो रहे निर्माणकार्यों कार्यों को गुणवत्ता के साथ जल्द पूरा करने की बात कही। जिससे लिए उन्होंने संबंधित विभाग कार्यदाही और ठेकेदारों से आपसी तालमेल के साथ कार्य करने को कहा। भीमताल की जेजेएम योजना की समीक्षा के दौरान अधिशाषी अभियंता जल संस्थान ने बताया कि वर्तमान में कुल 76 योजनाओं में कार्य चल रहा है, जिसमें 59 योजनाओं का कार्य पूरा हो चुका है। जिस पर जिलाधिकारी ने भीमताल के जन प्रतिनिधियों से दूरभाष के माध्यम से योजना, गुणवत्ता और विभागों द्वारा बताई गयी प्रगति को दूरभाष से वार्ता कर वेरिफाई किया।जिस पर कुछ प्रतिनिधियों ने कार्यों को लेकर अपनी संतुष्टि व्यक्त की। जल संस्थान हल्द्वानी की जेजेएम योजना में कार्य में देरी पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्य में गुणवत्ता के साथ तेजी लाने और कार्य में धीमी , लापरवाही करने वाले ठेकेदारों का बांड निरस्तीकरण कर विभागीय कर्मचारी पर कार्रवाई करने की बात कही। उन्होंने कहा कि जिन योजनाओं में डीडब्ल्यूएसएम के सहमति के बिना एक्सटेंशन दिया गया है ऐसी सभी योजनाओं की सूची सीडीओ को तैयार कर उपलब्ध कराने की निर्देश दिए, विभागों को कहा कि बिना औचित्यपूर्ण कारण से यदि ठेकेदार को अवधि विस्तार दिया जाता है तो राज्य सरकार को होने वाली वित्तीय हानि की वसूली संबंधित अधिशासी अभियंता से की जाएगी, इसलिए यदि ठेकेदार काम नहीं करते हैं तो उनके अनुबंध बिना देरी के निरस्त किया जाए। साथ ही, योजना के तहत 80 प्रतिशत हो चुके कार्यों में अधिशासी अभियंता को ठेकेदार के साथ समीक्षा कर कार्य में तेजी लाने और उनके कार्य मानिटीरिंग करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने 15 नवंबर तक हर घर जल सत्यापन करने के लिए ग्रामीण-शहरी इलाकों में खुली चौपाल या बैठक के माध्यम से सत्यापन कराने की बात कही।इस दौरान कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत, नैनीताल विधायक सरिता आर्य, मुख्य विकास अधिकारी अशोक कुमार पांडे, डीडीओ गोपाल गिरी गोस्वामी समेत जल संस्थान, जल निगम के अधिकारी मौजूद रहे।



# छूटे हुए छात्रों को दो सप्ताह के अन्दर छात्रवृत्ति जारी करें : नीरज

नैनीताल( उद संवाददाता)। बुधवार को निदेशालय समाज कल्याण में डॉ नीरज खैरवाल ने निदेशालय और जिला स्तर पर समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं/कार्यों के प्रगति की समीक्षा की । समीक्षा के दौरान उनके द्वारा छात्रवृत्ति योजनाओं पर विशेष फोकस दिया गया और छूटे हुए छात्रों को दो सप्ताह के अन्दर छात्रवृत्ति दिये जाने के सम्बंध में कठोर निर्देश जारी किये गये। इसके लिए महानिदेशक, विद्यालयी शिक्षा से दूरभाष पर वार्ता करते हुए शिक्षा विभाग तथा जिला समाज कल्याण अधिकारियों के मध्य समन्वय स्थापित करने पर भी जोर



दिया गया। इसके अतिरिक्त उनके द्वारा पेंशन, पीएम अजय, ट्रान्सजेंडर जैसे पहलुओं पर गंभीरता से समीक्षा की गयी तथा सम्बंधित कार्यों को त्वरित गति से सम्पादित किये जाने हेतु संवेदनशीलता बरतने के निर्देश दिये गये। लगभग 3 घण्टे चली विस्तृत बैठक में उनके द्वारा जिला समाज कल्याण अधिकारियों को समाज के कमजोर वर्ग के व्यक्तियों के हितों के प्रति प्रतिबद्ध रहने और उनके समस्याओं को संवेदनशीलता से हल करने पर जोर दिया। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं करने हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया गया। बैठक में निदेशक प्रकाश चन्द्र, सीएफओ कमलेश भण्डारी, उप निदेशकवासुदेव आर्य, पी०एस० बृजवाल सहित जिला समाज कल्याण अधिकारी मौजूद रहे।

# टेली लॉ प्रोग्राम में दी कानूनी जानकारी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।ट्रांजिट कैंप के सरस्वती शिशु निकेतन स्कूल में एक टेली लॉ का जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान टेली लॉ प्रोग्राम के बारे में लोगों को बताया गया और शिक्षकों को विस्तार से जानकारी दी गई कि भारत सरकार द्वारा न्याय विभाग के द्वारा टेली लॉ प्रोग्राम चलाया जा रहा जिसमें निशुल्क कानूनी जानकारी दी जाती है। एडवोकेट अभिषेक गुप्ता ने न्याय विभाग द्वारा दी गई जानकारी को समझाया और कानूनी जागरूकता के लिए टेली लॉ प्रोग्राम का लाभ लेने की अपील की। इस मौके पर स्कूल के प्रबंधक इंद्रजीत पाल , शुभम निषाद,श्रीमती चन्द्रावती मण्डल, सौरभ कुमार पाल, कु. पूर्णिमा हालदार, ज्योति आईच, श्रीमती वंदना पाटीदार, मुन्नी जोशी, सुनीता यादव, पूनम आईच, रिया डे, राखी, सोनू, पूजा, अंकित यादव, मुस्कान आदि मौजूद रहे।




# रामलीला में राम बनवास का हुआ मंचन

गदरपुर( उद संवाददाता)। श्री सतगुरु दरबार रामलीला कोपा बसंता डैम के अंदर होने वाली रामलीला मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा नरेश हुडिया ने राम बनवास के मंचन के दौरान स्थानीय कलाकारों द्वारा बहुत ही सुंदर मंचन किये जाने पर कलाकारों का उत्साह बढ़ाया। साथ ही लोगों को श्री राम के आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया। रामलीला कमेटी के सभी सदस्यों मान सम्मान देने के लिए आभार व्यक्त किया। इस दौरान रामलीला कमेटी के अध्यक्ष किशन सिंह मेहरा, उपाध्यक्ष वीर सिंह बिष्ट, प्रमोद बिष्ट,जीत सिंह बिष्ट, मुकेश सिंह, क्षेत्र पंचायत सदस्य गुरमेल सिंह, समाजसेवी शम्मी बत्रा, राजू शर्मा, उदयपाल, जसवीर चीमा, बबलू चंद्र समेत काफी संख्या में ग्रामीणवासी मौजूद रहे।



## पेज एक का शेष...

**अपने इलाके में माफिया..**एसएसपी को सारी जानकारी वह दे चुके हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले जाफरपुर में जो गोलीकाण्ड हुआ था उस काण्ड से तीन दिन पहले उन्होंने एसएसपी को खुद बताया था कि ये अपराधिक प्रवृत्ति के लोग हैं राजनैतिक चोला ओढ़े हैं। इनके खिलाफ कोई शिकायत भी नहीं करता। कुछ दिन पहले इन्होंने सर्वजीत नाम के व्यक्ति की हत्या करने की कोशिश की थी। सर्वजीत ने इसकी वीडियो बनाई और दिनेशपुर थाने में शिकायत की लेकिन उसकी कोई सुनवाई नहीं हुयी। यह बात उन्होंने फोन पर एसएसपी को बताई लेकिन राजनैतिक दबाव होने की वजह से सर्वजीत की शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। विधायक पाण्डे ने बताया कि एसएसपी से उन्होंने स्पष्ट कहा था कि इन माफियाओं के खिलाफ एक्शन नहीं लोगे तो इलाके में बड़ा काण्ड हो सकता है। अफसोस इस बात का है कि एसएसपी ने इस बात का कोई संज्ञान नहीं लिया, इसी के चलते जाफरपुर में इतना बड़ा गोलीकाण्ड हुआ जिनमें कई कई युवाओं की हत्या होने से बची। विधायक पाण्डे ने कहा कि एसएसपी से उन्होंने अनुरोध किया है कि इन माफियाओं के खिलाफ बड़ा एक्शन लीजिये अन्यथा ये राजनैतिक संरक्षण प्राप्त करके दिनेशपुर क्षेत्र के नौजवानों को बर्बाद कर देंगे। विधायक पाण्डे ने कहा कि मैं इंसानियत को बचाने के लिए नौजववानों को बचाने के लिए किसी हद तक जा सकता हूं। उन्होंने कहा कि अधिकारी आते जाते रहते हैं, चाहे कोई भी अधिकारी हो, जो भी सरकार को बदनाम करने काम करेंगे या निरंकुश होकर काम करेंगे और कुछ नेताओं को खुश करने के लिए अपराधिकारियों को संरक्षण देंगे तो मैं चुप नहीं बैठूंगा। विधायक पाण्डे ने साफ कहा कि अपने इलाके में माफियाओं को नहीं पनपने दूंगा। चाहे वो किसी भी पार्टी का हो । वो नेता भी जो छिपकर अपराधियों को संरक्षण देते हैं उनको भी बेनकाब किया जायेगा। श्री पाण्डे ने कहा कि दिनेशपुर के सामाजिक और युवा समाज को बचाने के लिए एकजुट हुए हैं, मैं इनके साथ पूरी ताकत के साथ खड़ा हूं। किसी भी कीमत पर दिनेशपुर क्षेत्र में स्मैक नहीं बिकने दी जायेगी।

**प्रीपेड मीटर लगाने के ..**कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष मीना शर्मा ने कहा कि स्वार्थों के चलते विद्युत वितरण व्यवस्था को निजी हाथों में सौंपकर जनता पर आर्थिक बोझ डाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि अडानी अंबानी जैसे धन्नासेठों को लाभ पहुंचाने के लिए सरकार स्मार्ट मीटर लगवा रही है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया पर तुरंत रोक नहीं लगायी गयी तो प्रदेश भर में विरोध प्रदर्शन किया जायेगा। विरोध प्रदर्शन के बाद कांग्रेसियों ने विभाग के अभियंता को ज्ञापन भी सौंपा। जिसमें स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया तुरंत रोकने की मांग की गयी। इस दौरान कांग्रेस नेता हरीश बावरा, मोहन खेड़ा, सुनील आर्य, संदीप चीमा, गोपाल भसीन, सौरभ चिलाना, साजिद खान, प्रीति साना, अर्जुन विश्वास, मो. आजम, बाबू विश्वकर्मा, बाबू खान, मनोज कुमार सिंह, मोहन भारद्वाज, केपी गंगवार, संजय, अरशद खानउमर अली, निसार, सतीश कुमार, राम किसान सैनी, नदीम खान, ईदरीश गोला, डा. सईद, विकास विश्वास, जयदेव,परवेज कुरैशी, छत्रपाल, आरिफ, अनिल साहनी, अंकित सैनी, रिंकी गुप्ता, फरमान सिददीकी, डीपी यादव, डा. हबीब, अबरार आदि मौजूद थे।

**खनन कारोबारी पर ...**ने थार में सवार खनन कारोबारी पर अंधाधुंध फायरिंग की थी। गनीमत रही कारोबारी ने भाग कर अपनी जान बचाई। इस बीच सड़क पर चल रहा युवक घायल हो गया था। कारोबारी ने घटना की सूचना पुलिस को दी जिसके बाद से पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही थी। बुधवार रात थाना बहादराबाद क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस ने कुछ बाइक सवार युवकों को रोकने का इशारा किया तो अज्ञात युवकों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में एक बदमाश के पैर में गोली लग गई। आरोपी की पहचान नीतीश पुत्र प्रदीप कुमार निवासी हरिद्वार के रूप में हुई है। जबकि अन्य तीन आरोपी अंधेरे का फायदा उठाके फरार हो गए। घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। एनकाउंटर के दौरान अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार तीन बदमाशों की तलाश में पुलिस टीम की कॉम्बिंग जारी है। बदमाश ने पूछताछ में बताया कि 20 अक्टूबर की सुबह उसके दोस्त ने उसे एक व्यक्ति से हुए झगड़े का बदला लेने की बात कहकर बुलाया था। जिसके बाद वो उनके साथ गया था।

**दुराचार में नाकाम....**अपने साथ लेकर उसके घर आ धमका और गाली गलौच करने लगा। जिसका विरोध करने पर युवक और उसके साथ आये लोगों ने परिजनों पर जानलेवा हमला कर उसे व उसके पिता को गंभीर रूप से घायल कर दिया। मामले की शिकायत करने के बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। जिस कारण युवक व उनके साथिश्यों के हौसले बढ़े हुए हैं।

### सूचना

मैं नंबर 18010041M नायक अजय सिंह राणा (AJAY SINSH RANA)वर्तमान समय में 61 अभियंता सैन्य दल में सेवारत हूं, मेरे सैन्य दस्तावेजों में मेरी पुत्री का नाम भूलवश म्रिताशी (MRITASHI RANA) राना दर्ज हो गया था जिसे सुधारकर माधवी राना (MADHAVI RANA)दर्ज करा दिया जाए। म्रिताशी राना और माधवी राना दोनों ही नाम मेरी पुत्री के हैं। मेरे पुत्री उक्त दोनों नामों से जानी व पहचानी जाती है।

AJAY SINGH RANA S/O LET BHAGWAN SINGH RANA VILL - KALYANPUR P.O. NANAKMATTA (262311) TEH NANAKMATTA, DIS. UDHAM SINGH NAGAR, UTTRAKHAND

# दुग्ध संघ ने लांच की आँचल बाल मिठाई

देहरादून( उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड सरकार प्रदेश में दुग्ध क्रांति को निरंतर प्रोत्साहित कर रही है। शुद्ध दूध और उससे बने उत्पादों के माध्यम से राज्यवासियों को न केवल पौष्टिक आहार मिल रहा है, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी सृजित हो रहे हैं। इसी क्रम में दुग्ध संघ ने आँचल बाल मिठाई का शुभारंभ किया है। आँचल का हर उत्पाद शुद्धता और पौष्टिकता का प्रतीक है। दुग्ध संघ ने प्रदेशवासियों से अपील की है कि इस दिपावली आँचल बाल मिठाई के साथ अपने त्यौहार को और भी खास बनाएं। 400 प्रति किग्रा मिलने वाली यह मिठाई शुद्ध खोये से निर्मित है और इसमें कोई मिलावट नही है। आँचल बाल मिठाई से राज्य के दुग्ध उत्पादक किसानों को दूध का उचित मूल्य मिलेगा और प्रदेश के लोग शुद्ध मिठाई उपलब्ध होगी। इस मिठाई को आँचल के मिल्क एटीएम वैन और मिल्क एजेंट्स के माध्यम से पूरे राज्य में उपलब्ध कराया जाएगा।

# रामलीला से मिलती है मर्यादा की सीखः सुखीजा

गदरपुर (उद संवाददाता)।सकैनिया में श्री आदर्श रामलीला कमेटी सकैनिया के माध्यम से कराई जा रही रामलीला में भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे जिस पर कमेटी के सदस्यों द्वारा उनका आदर सत्कार किया गया। इस अवसर पर गुंजन सुखीजा ने कहा कि राम लीलाओं के माध्यम से आने वाली पीढी हमारी संस्कृति हमारा धर्म और प्रभु राम की मर्यादा जैसी चीजे सीख रही है जिससे समाज का कल्याण होना संभव है। कमेटी एवं महावीर दल द्वारा कराई जा रही यह रामलीला गदरपुर में अपनी एक अलग पहचान बना रही है जिसके लिए में इनको शुभकामनाये देता हूँ । इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा के साथ मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना,अशोक छाबड़ा, कपिल कुमार,परमजीत सिंह पम्मा कुणाल रस्तोगी अर्जुन खुराना इत्यादि लोग उपस्थित रहे।



# स्कूटी चोरी कर ले भागा युवक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विगत रात्रि मोदी मैदान में स्कूटी खड़ी कर पेशाब कर रहे व्यक्ति की स्कूटी अज्ञात युवक चोरी कर ले जाने लगा । देख लेने पर युवक का पीछा किया पर युवक स्कूटी लेकर फरार हो गया। घटना की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में मनोज कुमार पुत्र महेश पाल निवासी वसुंधरा ग्रीन, फुलसुंगी ट्रांजिट कैम्प ने कहा है कि 21 अक्टूबर को रात्रि मोदी मैदान में उसने अपनी स्कूटी संख्या यूके06एएल 6412 को खड़ा कर थोड़ा दूर पेशाब करने के लिये चला गया। जब वह वापस आया तो एक अज्ञात व्यक्ति उसकी स्कूटी चोरी करके भाग रहा था। जिस पर उसे पकड़ने के लिये उसके पीछे भागा तो असंतुलित होकर गिर गया और उसके सिर पर चोट आ गयी। जिससे चोर उसकी स्कूटी लेकर भाग गया।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# ईशा ट्रेडर्स

महासेल Upto 50%

हमारे यहाँ दिल्ली से कम रेटो पर वॉलपेपर उपलब्ध है।


पी.वी.सी. पेनल, वालपेपर, डब्लू.पी.सी. लूवर्स पी.यू. मार्बल शीट, यू.वी. शीट

व सभी प्रकार के इंटीरयर एवं एक्सटीरयर मटेरियल इत्यादि

Since 2004

दीपावली के शुभ अवसर पर भारी छूट


आर्टफिशयल घास


पी.यू. मार्बल शीट


वालपेपर


यू. वी. शीट

सम्पर्क सूत्रः- 98971-57000, 82720-57000, 63956-24270

पताः- एस. आर. ए. ई-काशीपुर बाईपास रोड, पुलिस चौकी के सामने, निकट सिटी क्लब, रूद्रपुर (उधम सिंह नगर) 263153 (यू.के.)



Haier

World's No.1

Brand in Major Appliances

गुरू माँ

This Diwali

CELEBRATE BIG MOMENTS



SMART SENSE AI

SIDE BY SIDE REFRIGERATOR

Smart WIFI Connectivity | Smart Food Management | Smart Convertible 3Door | Deo fresh Technology | Jumbo Ice-Maker


Range available from 531 L to 712 L

DISCOVER THE FUTURE OF LAUNDRY WITH AI DBT

Enhanced Washing Quality | Vibration Free Performance | Removes Up To 72 Hour Old Stains | 5 YEAR Complete Warranty* | 30 Days Money Back Guarantee*

Range available from 6 KG to 12 KG



OLED | QD MINI | QLED

POWERED BY GoogleTV

Dolby | MEMC 120HZ | Dolby | harman kardon



Range available from 81 cm to 2.48 m

EXCITING OFFERS

UP TO 22.5% INSTANT CASHBACK*

1 EMI OFF*

EXTENDED WARRANTY

PAY ₹1 TAKE HAIER HOME*

FIXED EMI STARTING ₹994#

AMERICAN EXPRESS | DBS | FEDERAL BANK | HDFC BANK | pine labs | SBI card | YES BANK

*Source Euromonitor International Limited; Consumer Appliances 2024ed, % unit share, 2023 volume sales data. | *T & C Apply. Features may vary model to model.

GURU MAA ELECTRONICS

RUDRAPUR Ph.: 9690282777 84108 88888 | HALDWANI Tikonia - 9997207007 Pilikothi - 8923468434 | KASHIPUR Ramnagar Road Ph. 8791989500 | GADARPUR Gurunanak Enterprises Ph.: 9927850999 | MORADABAD Kant Road Ph.: 7500839146 Rampur Road, Ph. 9719077772 | KICHHA Deepak Electronics Ph.: 7017575920 | PITHORAGARH Shiv Enterprises 9760633187 | LALKUAN New Radhey Communication 8923493000 | HARIDWAR Jawalapur Ph.: 9761699704